जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोन:- 2386031, 2386032 फैक्स:- 0744-2386033 वर्ष: 49 संख्या: 262 प्रभात कोटा, शुक्रवार 5 जुलाई, 2024 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



*भारतीय क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप 2024 चैम्पियन बनने के बाद गुरुवार को ट्रोफी के साथ घर पहुंची। टीम इंडिया ने मुंबई में मरीन ड्राइव से लेकर वानखेड़े स्टेडियम तक विक्ट्री परेड की। अपनी चैम्पियन टीम के खिलाड़ियों को देखने के लिए मुंबई में फैन्स और प्रशंसकों का बहुत बड़ा हुजूम उमड़ पड़ा। मुंबई में गुरुवार के दिन इतनी भीड़ जुटी कि मरीन ड्राइव से लेकर वानखेड़े स्टेडियम तक सड़कें भीड़ से अट गईं। गुरुवार की सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर खिलाड़ी दिल्ली के एयरपोर्ट पर उतरे थे। कुछ देर होटल में आराम करने के बाद टीम के सभी खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले। जिसके बाद टीम मुंबई के लिए रवाना हुई, जहां रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम ने विक्ट्री परेड में हिस्सा लिया। मुंबई एयरपोर्ट से लेकर वानखेड़े स्टेडियम तक भारतीय फैन्स अपने चैम्पियन्स की एक झलक पाने के लिए डटे रहे। वानखेड़े में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विराट कोहली, रोहित शर्मा, राहुल द्रविड़ और जसप्रीत बुमराह ने टूर्नमैंट जीतने के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। बी.सी.सी.आई. ने भारतीय टीम को 125 करोड़ रुपये की राशि देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि, 29 जून को खिताबी मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 7 रनों से हराने के बाद भारतीय टीम कई दिनों तक बारबाडोस में ही तूफान के कारण फंसी रही थी। फिर, बी.सी.सी.आई. सचिव जय शाह के प्रयासों से खिताब जीतने के चार दिन बाद टीम इण्डिया दिल्ली पहुंची।*

# मुकेश अंबानी, सोनिया गांधी से मिलने गये, 10 जनपथ

## एक घंटे की मुलाकात में राहुल व प्रियंका भी मौजूद रहे

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 जुलाई। मुकेश अंबानी आज 10, जनपथ गए तथा सोनिया गांधी से मिले। यह एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है और देश के राजनैतिक माहौल में परिवर्तन का संकेत हो सकता है।

सूत्रों का कहना है कि एक घंटे की इस मीटिंग में राहुल तथा प्रियंका गांधी भी मौजूद थे।

समझा जाता है कि इस मुलाकात का सुस्पष्ट उद्देश्य गांधी परिवार को अपने पुत्र की शादी में आमन्त्रित करना था। अनंत अंबानी की शादी 12 जुलाई को है।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार इससे पूर्व हुई अपने दो बच्चों की शादियों में मुकेश अंबानी ने गांधी परिवार को आमन्त्रित नहीं किया था।

एक रोचक बात यह भी है कि इस वर्ष 9 जून को राहुल गांधी के जन्मदिन पर मुकेश अंबानी की तरफ से फूलों का एक बड़ा बुके भी 10, जनपथ पर पहुँचा था। ज्ञातव्य है कि इससे चंद रोज पहले 4 जून, 2024 लोकसभा के चुनाव परिणामों की घोषणा हुई थी, जिनमें कांग्रेस की उपलब्धि उम्मीद से बढ़ कर रही थी और नरेन्द्र मोदी की भाजपा खिसक कर अल्पमत में आ गई थी।

- **हालांकि, इस मुलाकात का कारण मुकेश अंबानी के पुत्र अनंत अंबानी की 12 जुलाई को होने वाली शादी का निमंत्रण देना बताया जा रहा है। पर, यह बात गले नहीं उतरती, क्योंकि मुकेश अंबानी की अन्य संतानों की शादी में ऐसा निमंत्रण देने की बात कभी हुई नहीं।**
- **यह ही नहीं, नौ जून को राहुल गांधी के जन्म दिन पर, मुकेश अंबानी ने भारी भरकम गुलदस्ता भेजा था।**
- **क्या, राहुल के राजनीतिक दृष्टि से बढ़ते भाव से प्रभावित होकर मुकेश उनसे नज़दीकियाँ बढ़ाने के प्रयास में हैं।**
- **पर, इस प्रयास का प्र.मंत्री व मुकेश अंबानी के आत्मीय संबंधों पर प्रभाव पड़ेगा?**
- **साथ ही राहुल गांधी, सदा से अंबानी व अडानी को प्र.मंत्री मोदी के चहेते होकर सरकार से पूरा जायज़ व नाजायज़ लाभ लेने का आरोप लगाते रहे हैं। तो क्या अब राहुल गांधी मुकेश अंबानी के बारे में अपने विचार बदल सकेंगे?**

सूत्रों का कहना है कि महाराष्ट्र के अति महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव भी शीघ्र ही होने हैं तथा ऐसे प्रबल संकेत हैं कि शिव सेना, शरद पवार तथा कांग्रेस की महाराष्ट्र विकास अघाड़ी भारी उलटफेर कर सकती है तथा सत्ता में आ सकती है। जाहिर है, मुकेश अंबानी जैसे व्यावहारिक एंव समझदार व्यवसायी के लिये यह समय अपने तौर-तरीके बदलने तथा समय के बदलाव के अनुरूप चलने का है।

100 सीटों के साथ, विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी का ग्राफ ऊपर चढ़ रहा है तथा वे राजनीतिक आकाश पर तेजी से उभर रहे सितारे हैं। पिछले कुछ समय से राहुल गांधी अडानी और अंबानी पर प्रहार करते आ रहे हैं तथा जोर देते हुए कहते आ रहे हैं कि प्रधानमंत्री किस तरह से इन कॉर्पोरेट्स को संरक्षण प्रदान कर रहे हैं जिसके परिणास्वरूप उनका व्यावसाय दिनों-दिन फल-फूल रहा है तथा वे मोटा लाभ कमा रहे हैं।

देश में इस समय इस बात पर सर्वसम्मति है कि मोदी का जादू अब उतार पर है तथा राहुल गांधी राजनैतिक सीढ़ी पर चढ़ते जा रहे हैं।

रोचक यह भी होगा कि इस मुलाकात पर नरेन्द्र मोदी की प्रतिक्रिया क्या रहती है तथा प्रधानमंत्री के साथ मुकेश अंबानी के सम्बन्धों पर इस मुलाकात का क्या प्रभाव पड़ेगा।

अडानी नरेन्द्र मोदी के प्रिय रहे हैं तथा उन्हें नम्बर एक व्यवसायी बनाने के लिये मोदी ने उनपर ''आउट ऑफ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तमिलनाडू में सभी कोचिंग व ट्यूशन सैन्टर्स पर प्रतिबंध लगाये गये

## तमिलनाडू सरकार द्वारा न्यायाधीश मुरूगेसन की अध्यक्षता में गठित 14 सदस्यीय पैनल ने यह सिफारिश की है अपनी रिपोर्ट में

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 जुलाई। तमिलनाडू सरकार शिक्षा के अपने सिस्टम को मजबूत करने के लिए कठोर कदम उठाने का विचार कर रही है। इसके अन्तर्गत कोचिंग और ट्यूशन सैन्टर्स पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है, जिनके कारण शिक्षा का व्यवसायीकरण हो गया है। नीट पेपर लीक व अन्य गड़बड़ियों के बाद यह मुद्दा अब देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। इसको लेकर चल रहे विचार-विमर्श के मूल में कोचिंग और ट्यूशन सैन्टर्स पर प्रतिबंध लगाना है।

शिक्षा का व्यवसायीकरण रोकने को लेकर जस्टिस मुरुगेसम की सिफारिशों में से यह एक है। चौदह सदस्यीय पैनल की कुल 550 पृष्ठों की यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को इस सप्ताह के आरम्भ में सौंपी गई।

- **पैनल की राय में कोचिंग व ट्यूशन सैन्टर की वर्तमान व्यवस्था से शिक्षा का पूर्ण व्यवसायीकरण (टोटल कमर्शियलाइज़ेशन) हो रहा है तथा पढ़ाना, जो एक पवित्र काम व जिम्मेवारी था, अब एक व्यापार बन गया है।**
- **पैनल ने यह राय दी कि, इन कोचिंग इन्स्टीट्यूट व ट्यूशन सैन्टर की, विज्ञापन देकर अपना ''माल'' बेचने की प्रवृत्ति को रोका नहीं गया तो गंभीर परिणाम होंगे।**

रिपोर्ट में पुरजोर अपील की गई है कि व्यक्ति विशेष अथवा कॉरपोरेट कम्पनियों द्वारा स्कूल और कॉलेजों के समानान्तर भौतिक अथवा वर्चूअल मोड से चल रहे सभी कोचिंग सैन्टर्स पर प्रतिबंध लगाया जाए।

रिपोर्ट में कहा गया कि ''कोचिंग सैन्टर्स और प्राइवेट इन्स्टीट्यूशन्स शिक्षा को एक वस्तु मानकर अपने क्रियाकलापों का विज्ञापन करते हैं जो शिक्षा की विशिष्टता का पूर्ण अनादर है। यदि इन कुटिल चालबाजियों के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई तो स्कूल और कॉलेज अप्रासंगिक बन जाएंगे। चूंकि कोचिंग सैन्टर सरकार की किसी नियामक इकाई के दायरे में नहीं आते हैं, इसलिए इस प्रकार की संस्थाओं का नियमन असंभव है। एक अन्य महत्वपूर्ण सिफारिश है उपयुक्त शक्तियों वाली किसी नियामक इकाई का गठन किया जाना। पैनल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ''राज्य को औपचारिक शिक्षा से संबंधित मीडिया पर आने वाले सभी विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करना चाहिए। किसी भी संस्थान द्वारा औपचारिक शिक्षा को लेकर दिया जाने वाला कोई भी विज्ञापन शिक्षा के व्यवसायीकरण के समान है तथा शिक्षा के दृढ़ एवं समय परीक्षित हित में नहीं है।''

शिक्षा पैनल ने यह सुझाव भी दिया कि तमिल भाषा को स्कूली शिक्षा में प्रथम भाषा के रुप में आवश्यक रुप से स्थान देना चाहिए और शिक्षा का माध्यम भी तमिल भाषा होनी चाहिए। मसौदा रिपोर्ट में सुझाव दिया गया कि पाठ्यक्रम लक्ष्य आधारित, सामाजिक एवं सांस्कृतिक रुप से जवाबदेह, रोजमर्रा के जीवन से जुड़ी जानकारियों से परिपूर्ण और संवैधानिक मूल्यों से युक्त होना चाहिए। पैनल ने वाजिब फिटिंग और आरामदेह यूनिफार्म्स, युवतियों की परेशानी रहित आवाजाही, हवादार टॉयलैट सहित महिला अनुकूल इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्मित करने की भी सिफारिश की है।

## आवंटित पार्किंग जगह किसी अन्य को बेचना गलत

जयपुर, 4 जुलाई (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-द्वितीय ने अपार्टमेंट में फ्लैट के विक्रय पत्र के जरिए चार पहिया वाहन के लिए आवंटित पार्किंग की जगह में से किसी अन्य फ्लैट मालिक को भी पार्किंग के लिए जगह बेचने को गंभीर सेवादोष माना है। ऐसा करने वाले मैसर्स सोना एनक्लेव्स व निदेशक पर 16.21 लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। उपभोक्ता अदालत ने विपक्षी को निर्देश दिया कि वह परिवादी को एक दिसंबर 2016 के

- **जिला उपभोक्ता न्यायालय ने इसे बिल्डर का सेवा दोष माना तथा उस पर 16.21 लाख रू. का हर्जाना लगाया।**

विक्रय पत्र के जरिए जो पार्किंग सुविधा मुहैया कराई गई थी वह उसी नाम व पैमाइश में उसे मुहैया कराए। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीणा व सदस्य हेमलता अग्रवाल ने डॉ. शिव भगवान पाण्डेय व अन्य के परिवाद को मंजूर करते हुए यह निर्देश दिया।

अधिवक्ता बनवारी लाल पारीक ने बताया कि परिवादी ने दिसंबर 20216

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हेमन्त सोरेन द्वारा पुनः मु.मंत्री पद संभालना जोखिम भरा निर्णय है?

## हेमन्त की अनुपस्थिति में नियुक्त मु.मंत्री चम्पई सोरेन, पुराने वरिष्ठ नेता हैं तथा शिबू सोरेन के प्रारम्भिक मित्रों में हैं

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 जुलाई। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जे.एम.एम.) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमन्त सोरेन ने राज्य में अगले चार माह में होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पूर्व सीनियर नेता चम्पई सोरेन को अपने रास्ते से हटा मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण कर एक सोचा-समझा राजनीतिक जुआ खेला है।

हेमन्त सोरेन ने पांच माह जेल में रहने के बाद आज फिर से मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। एक मनी लॉण्डरिंग केस में अपनी गिरफ्तारी से एक दिन पूर्व हेमन्त ने जनवरी माह में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

जे.एम.एम. के संस्थापक शिबू सोरेन के साथ काम कर चुके चम्पई सोरेन को मुख्यमंत्री पद से हटाने के अपने अलग नकारात्मक पक्ष हैं क्योंकि यह घटनाक्रम भाजपा को हेमन्त सोरेन के खिलाफ मुद्दे उपलब्ध करवा रहा है। वह यह प्रचार कर सकती है कि जेल अवधि के दौरान राज्य सरकार का बखूबी संचालन करने वाले चम्पई सोरेन जैसे सीनियर नेता को मुख्यमंत्री

- **अतः चम्पई सोरेन को हटाकर हेमन्त सोरेन का पुनः मु.मंत्री बनना, हेमन्त सोरेन पर पद लोलुपता का ''चार्ज'' आकर्षित करता है। भाजपा ने यह चार्ज लगाना शुरु कर दिया है।**
- **पर, यह भी सच है कि, चम्पई आदिवासी क्षेत्र तक सीमित हैं, जबकि हेमन्त सोरेन की लोकप्रियता ओ.बी.सी., एस.सी. व अन्य वर्गों में भी फैली हुई है। लोकसभा चुनाव के परिणामों ने भी यह ही दर्शाया, जब इण्डिया गठबंधन ने 13 लोकसभा सीटों में से केवल 5 सीटों पर जीत हासिल की।**
- **अगर लोकसभा सीटों के परिणाम को विधानसभाओं की सीटों तक फैलाया जाए तो, भाजपा का पलड़ा भारी दिखता है। अतः हेमन्त सोरेन को पुनः मु.मंत्री बनाना सही राजनीतिक निर्णय लगता है।**
- **पर, चम्पई सोरेन को भरपूर सम्मान मिलना भी जरूरी है, अन्यथा आदिवासी क्षेत्रों में इसका उल्टा असर पड़ेगा।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राहुल गांधी ने मजदूरों के साथ दीवार की चिनाई की

नई दिल्ली, 4 जुलाई। रायबरेली से सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में मजदूरों के साथ मुलाकात की। गुरुवार को उन्हें जी.टी.बी. नगर में कुछ श्रमिकों से ना सिर्फ उनका हालचाल जाना बल्कि उनके साथ काम भी किया। राहुल गांधी उनके साथ मसाला बनाते हुए और चिनाई करते हुए दिखे। कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक एक्स हैंडल से तस्वीरें साझा करते हुए यह जानकारी दी गई।

- **रायबरेली से सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में मजदूरों के साथ मुलाकात की। गुरुवार को उन्होंने जीटीबी नगर में कुछ श्रमिकों से उनका हालचाल जाना तथा उनके साथ काम भी किया।**

कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी की तस्वीरों के साथ लिखा, आज नेता विपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के जी.टी.बी. नगर में श्रमिकों से मुलाकात कर उनकी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्र.मंत्री की आठ व नौ जून की रूस यात्रा में चीन के लिये मैसेज है

## मोदी चीन द्वारा प्रतिपादित शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइज़ेशन (एस.सी.ओ.) का न्यौता ठुकरा कर, क्यों अनायास ही रूस गये?

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 4 जुलाई। शंघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइज़ेशन (एस.सी. ओ.) के नेताओं के कज़ाकिस्तान के अस्ताना में आयोजित शिखर सम्मेलन में भाग ना लेने का फैसला करने के ठीक बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 8 से 9 जुलाई तक मॉस्को का दौरा तय है।

इस संदर्भ में, रही चूक और त्रुटियां विभिन्न स्तरों पर स्पष्ट रूप से भारत का कूटनीतिक संदेश देती हैं।

इसे चीन को भारत की एक कूटनीतिक घुड़की के रूप में देखा जा रहा है। एस.सी.ओ. की स्थापना चीन द्वारा की गई थी और उसकी स्थापना के पीछे उद्देश्य मध्य एशियाई क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति के साथ ही अपने एजेण्डे का बढ़ाना था। बाद में इसमें कई अन्य देशों को शामिल कर चीन ने इस प्लेटफॉर्म को उभरते एवं अन्य देशों के एक वैश्विक मंच में तब्दील करना चाहा।

आतंकवाद के मुकाबले और सीमा सरक्षा की सुनिश्चितता को लेकर शुरुआत में चीन, रूस, कज़ाकस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान एकजुट हुए थे। बाद में भारत और पाकिस्तान तथा उसके ठीक बाद अन्य मध्यपूर्व देशों का आमंत्रित किया गया। पिछले वर्ष इस संगठन में ईरान को भी शामिल कर लिया गया।

- **एस.सी.ओ. का गठन किया था चीन ने सैन्ट्रल एशिया क्षेत्र में अपनी पकड़ और मजबूत करने के लिये।**
- **पर, फिर धीरे-धीरे चीन एस.सी.ओ. में और सदस्य जोड़ता चला गया और अन्त में बेलारूस को सदस्य बनाना तो हद ही हो गयी थी। क्योंकि, इसके बाद तो लगने लगा था कि, एस.सी.ओ. एक ''डिक्टेटर्स क्लब'' है तथा चीन के राष्ट्रपति शी ने एस.सी.ओ. के सम्मेलन में साफ कहा कि एस.सी.ओ. के सदस्यों को अमेरिका व पश्चिम देशों द्वारा प्रस्तावित लिबरल प्रजातंत्रीय व्यवस्था के खिलाफ संगठित होना चाहिये।**
- **भारत को यह नीति माफिक नहीं आती, और भारत रूस के खिलाफ भी बोला था, यूक्रेन पर रूस द्वारा आक्रमण करने पर। तथा, जब अमेरिका रूस के खिलाफ एक के बाद एक आर्थिक प्रतिबंध लगाता चला गया, भारत ने इस प्रतिबंधों को भी स्वीकार नहीं किया और लगातार रूस से क्रूड ऑयल सस्ते दामों पर खरीदता रहा। भारत के इस मूक समर्थन से रूस भी अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंध का सामना कर पाया।**

लेकिन, वैश्विक कूटनीतिक हलकों में जिस बात को लेकर भृकुटियां तनीं, वह था रूस के कट्टर सहयोगी बेलारूस को इसमें एक पूर्णकालिक सदस्य के रूप में शामिल किया जाना। इस अंतिम सदस्य को शामिल किए जाने के साथ ही एस.सी.ओ. वस्तुतः एक ''तानाशाह क्लब'' में तब्दील हो चुका है, उसके सभी सदस्य अपने-अपने देशों में एक तरह से तानाशाह हैं।

दरअसल, एस.सी.ओ. के दो अग्रणी देश रूस व चीन, इस संगठन को पश्चिमी देशों के संगठन के एक विरोधी संगठन के तौर पर आगे बढ़ाना चाहते हैं और यह रूस और चीन के संपूर्ण

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में 150 वकीलों ने सी.जे.आई. को पत्र लिखा

नई दिल्ली, 4 जुलाई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत में हो रही देरी के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट और निचली अदालतों के 150 वकीलों ने चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा है। पत्र में वकीलों ने केजरीवाल की जमानत याचिका पर स्टे लगाने वाले जज पर भी सवाल उठाए हैं।

- **पत्र में वकीलों ने रिहाई से ऐन पहले मु.मंत्री केजरीवाल की जमानत रद्द करने व सीधे तिहाड़ जेल से सी.बी.आई. द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताया है।**

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

चापलूसी का ज़हरीला प्याला आपको तब तक नुकसान नहीं पहुँचा सकता जब तक कि आपके कान उसे अमृत समझ कर पी न जाएँ। –प्रेमचंद

# यूएन क्लाईमेट चेंज कॉन्फ्रेन्स (UNFCCC) कॉप-29 बाकू में नवम्बर, 2024 में होगी, वहां भारत की भूमिका क्या होगी?

कॉप-29 इस बार बाकू अज़रबैजान में होने जा रही है। इस सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन के बाबत जो चुनौतियां हैं, उन पर गहन वार्ता होगी। इस विषय पर चर्चा होगी कि पेरिस एग्रीमेंट की पालना के हेतु सभी सदस्य देशों ने अब तक क्या क्या कदम उठाये और क्या सदस्य देश जलवायु परिवर्तन को 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड तक सीमित रखने पर सफल हुये हैं? क्या सदस्य देश जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से उत्पन्न होने के खतरे से निपटने के हेतु उचित और वांछित धन इकट्ठा कर सके। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के हेतु व सदस्य देशों को सतत् विकास के लक्ष्य 13 की पालना करने में ये देश कितना सफल हुये हैं। कॉप-29 की व्यवस्था अज़रबैजान देश कर रहा है। कॉप-29 के प्रेसीडेण्ट मुख्तार बाबायेव नियुक्त हुये हैं। इनकी नियुक्ति बाकू में 9 जून, 2024 को हुई है। कॉप-29, 11 से 22 नवम्बर, 2024 को होगी।

कॉप-29 का उद्देश्य है, अधिक Resilent व Equitable विश्व की संरचना करना। साथ ही सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति करना है। यूएनएफसीसीसी के एक्जीक्यूटिव सेक्रेटरी, Simon Stiell हैं उनका कहना है कि बाकू पहुँचने से पूर्व सब सदस्य देशों को अपने उद्देश्य की पूर्ति के हेतु उचित कदम उठाने होंगे और समस्या का हल निकालना होगा।

जलवायु परिवर्तन के कारण निम्नलिखित समस्यायें हैं:-

(1) एक मिलियन से ऊपर प्लान्ट्स, जानवर व अन्य जीव समाप्त होने की कगार पर हैं।

(2) 1980 के बाद से Marine Plastic Pollution 10 गुणा अधिक बढ़ गया है।

(3) प्रत्येक वर्ष में 7 मिलियन वन (Forest) समाप्त हो रहे हैं।

(4) संसार के नगर 2.2 विलियन टन कचरा प्रत्येक वर्ष पैदा कर रहे हैं।

(5) पर्यावरण की अशुद्धता के कारण 9 मिलियन की मृत्यु प्रत्येक वर्ष हो रही है। इसके अतिरिक्त Air Pollution के कारण 7 मिलियन मृत्यु होती है।

(6) 30 प्रतिशत संसार की आबादी लू से प्रभावित हो रही है वह भी 20 दिन एक वर्ष में।

(7) संसार में कहीं सूखा है, कहीं बाढ़ है तो कहीं अगजनी पर्यावरण के विष से हमारा खाना जहरीला हो रहा है Drug Abuse व Illicit Trafficking की घटनायें बहुत बढ़ रही हैं।

(8) सतत् विकास के गोल (लक्ष्य) हमारी पहुँच से बहुत दूर है।

(9) तापमान को 1.5° सेन्टीग्रेड तक रोकना असम्भव है, यह बढ़ रहा है।

संसार बर्बादी की ओर बढ़ रहा है। संयम हमारा कहीं गुम हो चुका है। समुद्र अपनी सीमायें बढ़ा रहा है, टापू देश डूब में आ चुके हैं और आने वाले हैं। पॉल्स का स्नो (बर्फ) पिघल रहा है। पहाड़ों का बर्फ पिघल रहा है। पहाड़ की झीलें अपनी सीमा से अधिक पानी से भर चुकी हैं और कभी भी उनकी सीमायें टूट जावेंगी, फलस्वरूप जल-प्लावन आवेगा। सांस लेना कठिन हो रहा है। समय आने वाला है जब बड़े शहर निवास के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जावेंगे। पीने के पानी की समस्या जान लेवा हो जावेगी। पानी के लिये युद्ध होंगे। खाने के पदार्थ जहरीले हो जायेंगे। नई-नई बीमारियां जन्म लेंगी। नये वायरस जीवन को निगलने के लिये नये-नये रूपों में आयेंगे।

**संसार बर्बादी की ओर बढ़ रहा है। संयम हमारा कहीं गुम हो चुका है। समुद्र अपनी सीमायें बढ़ा रहा है, टापू देश डूब में आ चुके हैं और आने वाले हैं। पॉल्स का स्नो (बर्फ) पिघल रहा है। पहाड़ों का बर्फ पिघल रहा है। पहाड़ की झीलें अपनी सीमा से अधिक पानी से भर चुकी हैं और कभी भी उनकी सीमायें टूट जावेंगी, फलस्वरूप जल-प्लावन आवेगा। सांस लेना कठिन हो रहा है। समय आने वाला है जब बड़े शहर निवास के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जावेंगे।**

देशों को सतत् विकास के लक्ष्य पूरे करने थे। पेरिस एग्रीमेन्ट के अनुसार देश अपने कर्त्तव्य की पालना नहीं कर रहे हैं। यू एन की रिपोर्ट कहती है अब तक हमें जो कार्य करने थे उसका 1/5 भी हम पूरा नहीं कर पाये हैं। पेरिस एग्रीमेन्ट के अब केवल 6 वर्ष रह गये हैं। पूर्ति असम्भव है। यू एन की रिपोर्ट कहती है कि सदस्य देश अब तक केवल 17 प्रतिशत सतत् विकास के गोल (SDG) ही कर पाये हैं। कोविड-19 पेन्डेमिक ने तथा भौगोलिक आपदाओं के कारण तथा जलवायु परिवर्तन के कारण देश अपने कर्त्तव्यों की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। देश की गरीब जनता का एक भाग गरीबी की रेखा के नीचे जी रहा है। अतिरिक्त 23 मिलियन जनता उसमें और जुड रही है। 2022 में 100 मिलियन जनसंख्या Extreme Poverty में जी रही है 1.5°C के बढ़ने साथ गरीबी व भुखमरी बढ़ रही है यू एन सेक्रेटरी जनरल एन्ओनियो गुटरेज ने चेतावनी दी है कि हमें लोगों का जीवन बचाना है। 120 मिलियन वे लोग हैं जिन्हें मई 2024 तक बेदखल किया गया है। दो देशों के झगड़े में अनेक मर चुके हैं। बहुत बड़ी रकम (Finance) की हमें आवश्यकता है। हम सब बर्बादी में डूबे हुये हैं। यू एन की रिपोर्ट की कुछ Findings इस प्रकार हैं:-

1) हमारी पर केपिटा जीडीपी संसार की आधी जनसंख्या की तुलना में काफी कम है।

2) 60 प्रतिशत देशों में जलवायु परिवर्तन के कारण खाने की वस्तुओं की कीमतों में 2022 की अपेक्षा काफी बढोत्तरी हुई है।

3) 120 देशों से जो डेटा कलेक्ट किया गया है उसे मालूम होता है वहां पर महिलाओं के साथ भेदभाव है।

4) देशों में शिक्षा का अभाव।

5) लगभग 60 प्रतिशत देश जिनकी इन्कम कम है वे कर्जों के बोझ से दवे हुये हैं।

6) देशों ने 8.1 प्रतिशत बिजली का उत्पादन Renewable Energy से प्रारम्भ कर दिया है।

यह सत्य है कि अधिकांश देशों ने टारगेट का 1/5 स्तर ही प्राप्त किया है और SDGs के लिये जो वायदे किये थे वे पूरे नहीं किये। पेरिस एग्रीमेन्ट में जो घोषणायें की थीं, उनको कार्यान्वित करने में देश असमर्थ रहे। यह भी सत्य है 1.5 डिग्री टेम्परेचर बढ़ रहा है वह कभी भी 2 डिग्री तक बढ़ सकता है। समुद्र का तापमान बढ़ रहा है, जिसके कारण तूफान उठ रहे हैं। अमेरिका व यूरोप में लू का गम्भीर असर देखा गया है। जंगलों में आग लग रही है। लोग भयभीत हैं। डर के साये में जी रहे हैं। जंगल खत्म हो रहे हैं अत: ऑक्सीजन की कमी है।

प्रश्न है पेरिस एग्रीमेन्ट की यदि सदस्य देश पालना नहीं कर पाये तो संसार का क्या होगा। हाँ यह सभी मानकर चल रहे हैं कि 1.5° तापमान की बढ़ोत्तरी को शायद हम रोक नहीं पायेंगे। अत: हमारा कर्त्तव्य है कि हम पेरिस एग्रीमेन्ट के वायदों को निभाने के लिये अधिक प्रयत्न करें, अभी भी 6 वर्ष का समय शेष है। इस वर्ष लू के कारण जो मृत्यु हुई हैं तथा जिसने यूरोप व अमेरिका में जो संकट पैदा किया है वह घबराहट पैदा करने वाला है।

भारत सरकार ने पेरिस एग्रीमेन्ट को गम्भीरता से लिया है। कार्बन एमीशन को रोकने के लिये सौर ऊर्जा के उत्पादन में काफी काम किया है; किन्तु प्रोब्लम बहुत बड़ा है। कॉप-29 में देश को अपनी रिपोर्ट देना है और गरीब देशों की सहायता के लिये जो फाइनेन्स इकट्ठा करना है उसके लिये देशों से सहयोग की अपील करनी है।

पेरिस एग्रीमेन्ट में यह प्रावधान नहीं है कि यदि कोई सदस्य देश एग्रीमेन्ट की शरायतों की पालना नहीं करता है तो समाधान के क्या उपाय हैं? लेखक का अपना मत है कि जलवायु परिवर्तन का विषय मानव के अस्तित्व से जुड़ा हुआ है यानी Human Right का विषय है। अत: यह विषय International Court of Justice में उठाया जा सकता है अथवा International Court of Justice की भांति International Climate Justice Tribunal की स्थापना के हेतु प्रयत्न करना चाहिये। पहले भी इस हेतु प्रयत्न किया जा चुका है। भारत के एनजीओ काफी सशक्त हैं वे United Nations Climate Change Conference व COP की मीटिंग्स में काफी सक्रिय रह चुके हैं। कुछ संगठनों में वे कमेटी के सदस्य भी मनोनीत (नोमिनेट) किये गये हैं।

एक्जीक्यूटिव सेक्रेटरी, Simon Stiell ने दिनांक 13.06.2024 को अपने सम्बोधन में स्पष्ट कहा है कि सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के हेतु बहुत प्रयत्न किये हैं, किन्तु वे अपर्याप्त हैं, हमें बाकू में बड़ी तैयारी के साथ पहुँचना है। International Carbon Market के बाबत नये कदम उठाने होंगे। इसी प्रकार Bonn में छोड़े गये विषयों को आगे बढ़ाना है।

भारत अपनी साहसिक भूमिका निभा रहा है और कॉप-29 में अपनी छाप छोड़ सकता है। राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुये पी एम मोदी ने कहा कि हमारा संकल्प है कि दुनियां जो ग्लोबल वार्मिंग से लड़ रही है उसे सहयोग व ताकत देवें हमने रिन्यूएबल एनर्जी को लेकर एक के बाद एक कदम उठाये हैं।

कॉप-29 की सफलता की कामना करता हूँ।

सत्यमेव जयते!

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# कर्म क्षेत्र में प्रवृत्त होना तथा आलस्य को त्याग देना विद्यार्थी जीवन के प्रमुख गुण हैं : राज्यपाल

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह आयोजित



राज्यपाल कलराज मिश्र ने 72 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से नवाजा।

**सीकर,** (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह गुरुवार को राज्यपाल राजस्थान एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कलराज मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कुलाधिपति मिश्र ने 72 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से नवाजा। साथ ही कला संकाय के 82672, विज्ञान संकाय के 40376, वाणिज्य संकाय के 10578, समाज विज्ञान संकाय के 29785, शिक्षा संकाय के 36448 एवं विधि संकाय के 1713 स्नातक एवं स्नातकोत्तर दीक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की गई।

समारोह में राज्यपाल मिश्र ने शेखावाटी यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आने वाले 370 कॉलेजों के 202572 स्टूडेंट्स की उपाधि जारी की। इस दौरान राज्यपाल कलराज मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि, आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़कर अपना नाम कमा रही हैं जो कि भारत के लिए एक सुखद भविष्य की तस्वीर है। उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए जीवन का एक नया अध्याय प्रारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर स्थापित है जो कि एक महान चिंतक ही नहीं थे बल्कि उन्होंने भारतीय शिक्षा पर भी महती दृष्टि हमें दी है। उन्होंने अपनी पुस्तक राष्ट्र चिंतन में मानवीय सरोकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राष्ट्रीय समाज के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने की बात कही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिक्षा को समाज की जननी मानते थे। उन्होंने कहा कि कर्म क्षेत्र में प्रवृत्त होना तथा आलस्य को त्याग देना विद्यार्थी जीवन के प्रमुख गुण है। उन्होंने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय का कहना था कि शिक्षा मानव जीवन के सर्वांगीण विकास का सबसे बड़ा साधन है।


उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय शेखावाटी क्षेत्र की उस पावन धरा पर बना है जो सदैव त्याग, बलिदान और परोपकार की भावना से परिपूर्ण रही है। शेखावाटी ने भारतीय सेना को सर्वाधिक सैनिक दिए हैं तथा यहां पग-पग पर शहीदों की गाथाएं गूंजती हैं। देश की अर्थव्यवस्था में भी प्रमुख स्थान यहीं के मारवाड़ी सेठों का रहा है। उन्होंने कहा कि भामाशाहों की यह धरती जीवन के उदात मूल्यों से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि इस विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत कई पाठ्यक्रमों और डिप्लोमा की पहल हुई है। यह विश्वविद्यालय विशिष्ट सामाजिक, आर्थिक समस्याओं के समाधान के लिए अनुसंधान क्षेत्र को भी प्राथमिकता दें साथ ही स्थानीय संस्कृति, अतीत से जुड़ी वीर गाथाओं, राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में यहां के व्यवसाययों के योगदान आदि विषयों के आलेखों में भविष्य को दिशा प्रदान करने वाले शोध यहां हो। यह दौर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का है हमें शिक्षा जगत और उद्योग के बीच की दूरी को बांटने की जरूरत है। समारोह में यूनिवर्सिटी के वॉइस चांसलर प्रो.(डॉ.) अनिल कुमार राय, सीकर पुलिस महानिरीक्षक सीकर रेंज सत्येंद्र सिंह, जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी, पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव, सहित यूनिवर्सिटी का एडमिनिस्ट्रेशन प्रशासन, प्रोफेसर व स्टूडेंट्स मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए प्रवेश की उम्र बढ़ाई

**बीकानेर,** (निसं)। आंगनबाड़ी केन्द्रों में अब छह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्रवेश दिया जा सकेगा, जबकि पूर्व में पांच वर्ष तक के बच्चों को प्रवेश देने की गाइडलाइन जारी की गई थी। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा स्कूलों में प्रवेश के लिए पूर्व में जारी की गई गाइडलाइन में संशोधन किया है। संशोधित गाइडलाइन के अनुसार तीन से 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को चिन्हित करना है। इसके बाद 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में एवं 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को स्कूलों में नामांकित करना है। इसके अलावा विद्यालय के निकटतम आंगनबाड़ी में नामांकित 6 या अधिक वर्ष के बालक-बालिकाओं का विद्यालय में नामांकन कराया जाएगा। वार्ड वार नियुक्त अध्यापकों की ओर से निर्वाचक नामावली के अनुसार 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग एवं 6 से 18 वर्ष तक की आयुवर्ग की सूचना पीइइओ एवं यूसीइइओ को देनी होगी। वार्डवार नियुक्त अध्यापक निर्वाचक नामावली एवं हाउस होल्ड के आधार पर सर्वे करेंगे। सर्वे के दौरान बस स्टैण्ड, निर्माणाधीन भवन, गांव के बाहर कोई छोटी बस्ती, ढाणी, मजरा, पुरवा, खेत पर रहने वाले परिवार, मौसमी पलायन, प्रवासी मजदूरों के परिवारों को भी शामिल कर उनके बालक-बालिकाओं की सूची बनाई जाएगी। इस सूची के आधार पर नामांकन बढ़ाने के लिए नजदीकी स्कूलों के प्रधानाध्यापक को सूची सौंपी जाएगी।

# विद्यालय की अव्यवस्थाओं पर ग्रामीणों ने तालाबंदी की

## प्रशासन ने चार शिक्षकों को लापरवाही पर एपीओ किया


ग्रामीणों ने नाराजगी जता कर स्कूल गेट पर ताला लगा दिया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जहाजपुर ग्राम पंचायत भृगुनगर के एक विद्यालय में अव्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों ने तालाबंदी की। सूचना पर मौके पर नायब तहसीलदार, शिक्षा अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी पहुंचे और शिक्षकों की लापरवाही पर उन्हें एपीओ किया गया।

**■ ग्रामवासियों ने विद्यालय की अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई**

मामला राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम हंसेडा पंचायत भृगुनगर का है। ग्रामवासियों द्वारा विद्यालय की अव्यवस्थाओं को लेकर तालाबंदी की गई। ग्रामवासियों द्वारा लिखित में ज्ञापन देकर बताया की विद्यालय की टंकी की सफाई अवकाश के बाद स्कूल खुलने के बाद भी नहीं की गयी। उसमें दूषित पानी था जिससे ग्रामवासियों ने आपत्ति दर्ज कराई। मौके पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश खटीक एवं नायब तहसीलदार बलवीर सिंह एवं स्थानीय थाने से थानाधिकारी मौजूद थे। इन्होंने विद्यालय के स्टॉफ की लापरवाही को देखते विद्यालय के चार शिक्षक परसराम शर्मा, गोपाल लाल बलाई, रामबाबू स्वर्णकार, बनवारी लाल सोनी को विद्यालय से हटाकर तत्काल प्रभाव से कार्यालय के अन्य विद्यालयों में लगाया है।

# खाद्य सुरक्षा दल ने 540 लीटर सरसों तेल सीज किया

## रायपुर में श्री राम ट्रेडर्स से लाल मिर्च और हल्दी पाउडर के नमूने लिये


खाद्य सुरक्षा दल ने सरसों के तेल को सीज करने की कार्रवाई की।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीपी गोस्वामी के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा दल ने गुरूवार को सहाडा गंगापुर में मै. अशोक ट्रेडिंग कंपनी पहुँचकर निरीक्षण किया एवं खाद्य सामग्री के नमूने लेने की कार्रवाई की। वहीं मौक़े पर सरसों के तेल का निर्माण किया जा रहा था। पंद्रह किलो के टीनों में भरकर सरसों का तेल विक्रय करने के लिए रखा गया था। पंद्रह किलो के टीन पर निर्माण की तिथि, उपयोग की तिथि, बैच नम्बर कुछ भी अंकित नहीं पाया गया। तेल में मिलावट का अंदेशा होने पर खाद्य सुरक्षा दल ने 540 किलोग्राम सरसों के तेल की खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नमूने लिए तथा तेल को सीज किया।

**■ पंद्रह किलो के टीन पर निर्माण की तिथि, उपयोग की तिथि, बैच नम्बर कुछ भी अंकित नहीं मिला**

खाद्य सुरक्षा दल ने इसके अलावा रायपुर में श्री राम ट्रेडर्स से लाल मिर्च पाउडर और हल्दी पाउडर के नमूने लिये। इन सभी नमूनों को जांच हेतु जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला अजमेर में भिजवाया जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम् 2006 के तहत आवश्यक विधिक कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। खाद्य सुरक्षा दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह सोलंकी और प्रयोगशाला सहायक प्रेमदत शर्मा मौजूद रहे।

## राशिफल शुक्रवार 5 जुलाई, 2024


पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, आर्द्रा नक्षत्र रात्रि 4:06 तक, धुव्र योग रात्रि 3:48 तक, चतुष्पद करण सांय 6:42 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-मेष, बुध-कर्क, गुरू-वृष, शुक्र-मिथुन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 4:06 से सूर्योदय तक है। कुमार योग रात्रि 4:27 से सूर्योदय तक है। आज देवपितृकार्य अमावस्या, आषाढ़ी अमावस्या है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:24 तक, लाभ-अमृत 7:24 से 10:49 तक, शुभ 12:31 से 2:13 तक, चर 5:38 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:42, सूर्यास्त 7:20

### मेष


परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### सिंह

आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। मनोरंजन के कार्यक्रम बनेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृष

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

### कन्या

व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मकर

अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। मन का भय दूर होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक परेशानियां दूर होने लगेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

### मिथुन


मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


### तुला

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ

व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### कर्क

व्यक्तिगत परेशानियों के कारण मन में असंतोष बना रहेगा। समय अनर्गल कार्यों में खराब होगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी।

### वृश्चिक

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### मीन

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिल सकती है।

# दो घंटे झमाझम बारिश से गंगापुर सिटी शहर की सड़कें बनी दरिया

## बरसात से कॉलोनियां हुई जलमग्न, नालों के ब्लॉक होने से बारिश का पानी कॉलोनियों में भरा

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को एकाएक मौसम बदल गया। गुरुवार को सुबह करीब दो घंटे जोरदार बारिश हुई। बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया। वहीं बारिश के बाद ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आने से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे और किसान खरीफ फसलों की बुआई करने में जुट गए।

गुरुवार सुबह से ही दिन निकलने के बाद आसमान में बादल छाए हुए थे और बादलों को देखकर लोग बारिश होने का अनुमान लगाते दिखाई दिए। इसके बाद देखते ही देखते बारिश शुरू हो गई। पहले धीमी गति से बूंदाबांदी होती रही, लेकिन इसके बाद में तेज बारिश होनी शुरू हो गई। इसके बाद कभी धीमी, कभी तेज गति से बारिश का दौर रुक-रुक कर चलता रहा। आठ बजे से तेज बारिश का दौर शुरू हुआ जो करीब साढे दस बजे तक लगातार जारी रहा। बारिश के बाद सड़कों पर पानी बहने लगा। बारिश के दौरान बिजलियां कड़कने लगी, साथ ही आसमान में बादल गजरने लगे। इसके बाद भी रुक-रुक कर फुहारों का दौर जारी रहा और रिमझिम बारिश होती रही। गुरुवार को सुबह हुई बारिश के बाद 11 बजे 28 डिग्री पर तापमान दर्ज किया गया। तहसील के कानूनगो राजेन्द्र जायसवाल ने बताया कि गुरुवार को 37 मिमी (करीब डेढ इंच) बारिश दर्ज की गई। इससे पहले इस वर्ष एक जून से अब तक 133 मिमी जबकि एक जनवरी से अब तक 148 मिमी बारिश हो चुकी है। गुरुवार को ही बारिश को मिलाकर इस वर्ष 1 जून से अब तक 170 मिमी बारिश हो चुकी है, जबकि 1 जनवरी से अब तक 185 मिमी बारिश हुई है।



गंगापुर सिटी में बारिश होने से मण्डी में रखा किसानों का माल भीग गया।

- **बारिश के बाद 28 डिग्री तापमान दर्ज किया गया, करीब डेढ इंच बारिश दर्ज की गई**

गुरुवार को 2 घंटे जोरदार बारिश के बाद पानी निकासी नहीं होने से नया बाजार और फव्वारा चौक पर काफी मात्रा में पानी भर गया। आसपास के लोग दुकानों में बारिश का पानी भरने को लेकर चिंतित दिखाई दिए। बारिश में सड़क पर फंसे वाहन ड्राइवर और राहगीरों को इसी बारिश के पानी में घुटने तक काफी मशक्कत के बाद बाहर निकलना पड़ा।

# अलवर गेट थाने का एएसआई 50 हजार की रिश्वत लेते ट्रैप

## मुकदमे को मजबूत करने के नाम पर एक लाख की रिश्वत मांगी थी

**अजमेर, (कासं)।** जयपुर एसीबी ने एक अहम कार्रवाई में अलवर गेट थाने के एएसआई को रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया है। एएसआई पर आरोप है कि उसने एक मुकदमे में केस को स्ट्रांग करने के नाम पर एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। पीड़ित से पहली किश्त के रूप में 50 हजार रुपए ले चुका था। दूसरी किश्त लेते समय एसीबी के हत्थे चढ़ गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी जयपुर ललित कुमार शर्मा ने बताया कि पीड़ित द्वारा जयपुर मुख्यालय में लिखित शिकायत पेश की गई। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि एएसआई नंदभंवर ने उससे मुकदमे को मजबूत करने के एवज में रिश्वत की मांग की। इसके बाद जयपुर एसीबी ने इस मामले का भौतिक सत्यापन किया। भौतिक सत्यापन में आरोप सही पाए जाने पर जयपुर एसीबी ने तुरंत कार्रवाई करने का निर्णय लिया। एसीबी की टीम ने पूरी योजना बनाई और एएसआई नंदभंवर को रंगे हाथों पकड़ने की तैयारी की। एसीबी ने जैसे ही एएसआई ने रिश्वत की राशि स्वीकार की, उसे तुरंत ट्रैप कर लिया गया। इस घटना के बाद से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।



आरोपी एएसआई।

- **पीड़ित से पहली किश्त के रूप में 50 हजार रुपए ले चुका था एएसआई**

इस मामले में परिवादी लक्ष्मीकांत ने बताया कि उनका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। उल्लेखनीय की उन्होंने धोखाधड़ी से जुड़ा एक प्रकरण अलवर गेट थाने में दर्ज करवाया था। इस मामले में स्ट्रांग कार्रवाई के नाम पर जांच अधिकारी एएसआई ने रिश्वत की मांग की थी। पकड़े गए आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# बरसात से सीकर शहर के कई इलाके जलमग्न



बारिश से सीकर शहर में कई जगह पर जलभराव की स्थिति देखी गई।

**सीकर, (निसं)।** सीकर में गुरूवार को सुबह से ही रूक-रूक कर बरसात का दौर चला। पिछले कुछ दिनों से उमस से बेहाल लोगों को मौसम में ठंडक से राहत मिली। अल सुबह कई इलाकों में तेज बारिश हुई। बारिश से सीकर शहर में नवलगढ़ रोड पर जलभराव की स्थिति इस मानसून की सीजन भी देखने को मिल रही है। जलभराव के चलते छोटे वाहनों को वहां से निकलने नहीं दिया गया। नगर परिषद की तरफ से वहां बोर्ड और बैरिकेड लगाकर ट्रैफिक बंद किया गया है।

नवलगढ़ रोड पर दर्जनों कोचिंग और एजुकेशन इंस्टिट्यूट है। ऐसे में जलभराव के चलते स्टूडेंट्स को वहां तक पहुंचने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि परिषद के सफाईकर्मी पानी निकासी के काम में लगे हुए हैं। वहीं नवलगढ़ रोड़ क्षेत्र के लोगों ने कहा कि नगर परिषद ने करोड़ों की लागत से नाले का निर्माण कराया था, लेकिन नाले की पूरी सफाई नहीं होने के कारण पानी का निकास नहीं हो रहा है। बुधवार शाम से पानी भरा था और गुरुवार को फिर बरसात होने के कारण पानी का स्तर दोगुना हो गया, ऐसे में सुबह से ही नवलगढ़ रोड़ क्षेत्र के बाजार बंद पड़े हैं। दुकानों के आगे पानी भरा हुआ है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल यहां पर पानी भराव में गिरने से एक छात्र की मौत हो गई थी। उसके बाद में आनन-फानन में काम हुआ, लेकिन पानी का पूरा निकास नहीं होने से व्यापारी, नागरिक और आने जाने वाले विद्यार्थी काफी परेशान हैं।

# श्रीमाधोपुर में डेढ इंच बारिश, निचले इलाकों में पानी भरा



श्रीमाधोपुर सहित आसपास में बारसात से खेतों में पानी भर गया।

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** श्रीमाधोपुर शहर सहित आसपास के अंचल में बीते दिवस मध्य रात्रि से मानसून का दौर शुरू हुआ। इलाके में मध्य रात्रि से बारिश का दौर शुरू हुआ जो कभी तेज तो कभी धीमा जारी रहा। गुरुवार अलसुबह से झमाझम बारिश का दौर देर शाम तक जारी रहा।

तहसीलदार जगदीश प्रसाद ने बताया कि श्रीमाधोपुर क्षेत्र के आसपास 42 एमएम बारिश हुई है। दिन में एक बार भी सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। दोपहर में झमाझम बारिश के बाद तेज बारिश हुई जिससे चारों ओर पानी ही पानी हो गया। वहीं नीचले इलाकों में बारिश का जलभराव हो गया। जलभराव होने से राहगीरों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। लगातार बारिश से अचानक तापमान में भी काफी गिरावट हो गई। वहीं किसानों के खेतों में पानी भर गया। लगातार हो रही बारिश से निचले इलाकों में जल भराव के साथ-साथ कई घरों में पानी भर गया, जिससे लोग बारिश का पानी बाहर निकालते-निकालते परेशान होते रहे। देर रात तक भी बारिश का दौर जारी है।

# पाली में दो फर्मों पर जीएसटी टीमें पहुंची

**पाली, (नि.सं.)।** पाली शहर के विवेकानंद सर्किल के निकट अली स्टेशनरी पर गुरुवार को जीएसटी की टीम पहुंची। दुकान को बंद करवाकर और सर्वे की कार्रवाई शुरू की गई। विभाग की दूसरी टीम हैदर कॉलोनी स्थित अली स्टेशनरी की दूसरे ऑफिस पहुंची और सर्वे की कार्रवाई शुरू की। सर्वे के दौरान टीम ने कुछ रिकॉर्ड भी जब्त किए। देर शाम तक दुकानों पर कार्यवाही जारी थी तथा अधिकारी दस्तावेज खंगाल रहे हैं।

# खेत पर किसान को सांप ने काटा, मौत

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के लुहारी गांव में बुधवार देर शाम खेत पर काम कर रहे एक किसान को सांप ने काट लिया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया, जहां गुरुवार सुबह किसान ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के शव को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे परिजनों ने बताया कि 35 वर्षीय अमरनाथ पुत्र दरब सिंह निवासी लुहारी बुधवार शाम करीब आठ बजे अपने खेत पर बाजरे की फसल की बुवाई कर रहा था। इसी दौरान उसके पैर पर सांप ने काट लिया। हादसे की जानकारी मिलने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान किसान की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल धौलपुर रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान अमरनाथ ने दम तोड़ दिया। किसान के दम तोड़ दिए जाने की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को उसके शव का पोस्टमॉर्टम करा दिया। कोतवाली थाना प्रभारी प्रमेन्द्र रावत ने बताया कि मृतक का पोस्टमॉर्टम करने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विवाहिता ने खुदकुशी की

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर के सदर थाना क्षेत्र के मिलकन गांव में बुधवार देर रात 45 वर्षीय एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। सदर थाने के पुलिसकर्मी अरुण शर्मा ने बताया कि सुनीता पत्नी राजेंद्र कुशवाहा निवासी गांव मिलकन ने बुधवार देर शाम अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसकी सूचना मिलने पर टीम के साथ मिलकन गांव पंहुचे और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल धौलपुर की मोचरी में रखवा दिया। साथ ही घटना के बारे में अपने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। गुरुवार सुबह मृतका के मायके वालों को भी आगरा सूचना कर दी। उन्होंने इस मामले में कोई भी कार्यवाही करने से इंकार कर दिया है। इसके बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव सौंप दिया और मर्ग दर्ज कर ली गई है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
PWD, DISTRICT DIVISION, PHULERA

No. 400 Date- 26.06.2024

**Notice Inviting Bid**

Bids for NIT No. 03/2024-25 of Various 5 Nos. Works are invited from intersted bidders uto 28.06.2024 to 07.07.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eroc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and departmenal website. The approximate value of the procurement is Rs. 310.77 Lacs.

**1. UBN NO. PWD2425WSOB01834, 2. UBN NO. PWD2425WSOB01837, 3. UBN NO. PWD2425WSOB01839, 4. UBN NO. PWD2425WSOB01834, 5. UBN NO. PWD2425WSOB01843**

(Dariyab Singh)
Executive Engineer,
PWD Distt. Dn. Phulera

DIPR/C/5302/2024

कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता,
सार्वजनिक निर्माण विभाग, संभाग प्रथम जोधपुर

क्रमांक-857 दिनांक-01.07.2024

**निविदा सूचना संख्या- 04 वर्ष 2024-2025**

**NIB NO. PWD2425A0487**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जालोर जिले में समदड़ी भीलड़ी रेल्वे सेक्शन पर विभिन्न आर.यू.बी. निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। कार्यवार यू.बी.एन. संख्या निम्नानुसार है।

**1. PWD2425WSOB01884, 2. PWD2425WSOB01885**

(देवीलाल आर्य)
अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता
सा.नि.वि. संभाग प्रथम, जोधपुर

DIPR/C/5349/2024

# स्मैक व हथियार के साथ तस्कर गिरफ्तार

**करौली, (निसं)।** करौली सदर थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने स्मैक के खिलाफ एक संयुक्त कार्रवाई की है। पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 151.70 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से एक देसी कट्टा, 10 कारतूस और एक एसयूवी कार भी जब्त की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्मैक की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपी से स्मैक की खरीद फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है।

करौली सदर थाना अधिकारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि नशे के कारोबार पर लगाम कसने के लिए पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का सुपरविजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकरलाल और उपाधीक्षक अनुज शुभम कर रहे हैं। पुलिस गश्त के दौरान शिकारंगज, ससेड़ी मोड़ अकोलपुरा से डूडापुरा पहुंच कर नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान एक एसयूवी कार आती दिखाई दी। जिसका ड्राइवर पुलिस टीम की नाकाबंदी को देखकर वापस करौली की ओर जाने लगा लेकिन जल्दबाजी में कार टर्न नहीं हो सकी। कार सड़क से नीचे उतरकर गड्ढे में चली गई। तब तक थानाधिकारी और पुलिस टीम ने तत्परता और सावधानी से कार को घेर लिया।

कार ड्राइवर को कार से बाहर निकालकर नाम पता और पुलिस को देखकर वापस मुड़कर जाने का कारण पूछा। आरोपी ने घबराते हुए अपना नाम राधे उर्फ राधेश्याम पुत्र कैला प्रसाद प्रजापत निवासी पारासरी थाना लांगरा हाल भैरव गऊशाला के पास करौली होना बताया। आरोपी की तलाशी ली तो उसके जेब में स्मैक मिली। जिसका वजन कुल 151.70 ग्राम मिला, जिसे मौके पर जब्त कर कार की तलाशी ली। कार में आगे की शीट के सामने रैक में एक 315 बोर का देसी हथकढ़ कट्टा और एक प्लास्टिक की काली थैली में 10 कारतूस मिले। जिन्हें जब्त कर लिया है। परिवहन में काम ली जा रही कार को भी जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है।

# सूरसागर उपद्रव मामला : दो अभियुक्त अन्य केस में गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** सूरसागर क्षेत्र में गत 26 जून को हुए उपद्रव केस में तीन प्रकरण दर्ज हुए थे। पुलिस ने अपने मुकदमे में 52 लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद दो पक्ष की तरफ से अलग-अलग प्रकरण दर्ज कराए गए थे। कुछ गिरफ्तार लोगों को कोर्ट से जमानत मिल गई। पुलिस ने एक अन्य प्रकरण में अब दो आरोपियों को पथराव एवं हत्या प्रयास केस में गिरफ्तार किया है।

जांच अधिकारी देवीचंद ढाका ने बताया कि दो आरोपियों की कोर्ट से जमानत होने के बाद अब एक अन्य प्रकरण में उन्हें गिरफ्तार किया गया है। जिनमें शफिया बिल्डिंग सूरसागर निवासी साकिर पुत्र अब्दुल मजीद एवं व्यापारियों का मोहल्ला निवासी साहिल पुत्र अब्दुल गफ्फार को गिरफ्तार किया गया है। जांच अधिकारी ढाका ने बताया कि दर्ज सभी प्रकरणों में अलग अलग 52 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

कार्यालय नगर निगम, अजमेर
पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर – 305001 (राज0)

क्रमांकःएफ.14( 18)( )/ननिअ/उद्यान/विजयलक्ष्मी/2024–25/131 दिनांकः 01.07.2024

**–: निविदा सूचना :–**

नगर निगम, अजमेर द्वारा विजयलक्ष्मी मैरीज गार्डन का संचालन एवं संधारण इत्यादि का कार्य 3+2 वर्ष की अवधि के लिए निविदा पर दिये जाने हेतु निर्धारित परिपत्र में ऑनालाईन निविदा आमंत्रित करती है। जिसकी अनुमानित आय प्रतिवर्ष राशि रू. 125.00 लाख/– (अक्षरे रूपये एक करोड पच्चीस लाख) होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे से अन्तिम दिनांकः 22.07.2024 को सांय 5.00 बजे तक निर्धारित पोटर्ल से डाउनलोड किये जा सकेंगे।

नोट :– राज्य लोक उपापन पोर्टल (www.eproc.rajasthan.gov.in) (www.sppp.rajasthan.gov.in) पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त
नगर निगम, अजमेर

राज.संवाद/सी/24/1687

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान
राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल–कोटा
email : nnksouth@gmail.com, websites : www.urban,rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142

क्रमांक :– ननिको/दक्षिण/निर्माण/2024/99–114 दिनांक :– 03.07.2024

**ई–निविदा सूचना संख्या : 06/2024–25**

नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों "A" एवं "AA" श्रेणी एवं नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से कुल 02 कार्यो हेतु कुल राशि 45.60 लाख रूपये की ऑन लाईन निविदायें दिनांक 05.07.2024 से दिनांक 15.07.2024 तक आमन्त्रित की जाती हैं। टेन्डर बेचे जाने, प्राप्त करने की तिथि व निविदा की शर्तें इत्यादि नगर निगम की वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/nnks http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

UBN No. DLB2425WSOB02298 UBN No. DLB2425WSOB02299

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम कोटा दक्षिण

राज.संवाद/सी/24/1745

# देवीराम मुल्लाका हत्याकांड में दो और आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने गुरुवार को कामां थाने के बहुचर्चित देवी राम मुल्लाका हत्याकांड में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। मामले में तीन साल से फरार चल रहे 25-25 हजार रुपए के दो और इनामी अभियुक्तों को दस्तयाब किया गया, जिन्हें थाना कामां पुलिस ने अपने मामले में गिरफ्तार कर लिया। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि विभिन्न मामलों में वांछित एवं सक्रिय बदमाशों के बारे में आसूचना संकलन के लिये पुलिस मुख्यालय से प्रदेश के विभिन्न शहरों में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की टीम रवाना की गई है।

एडीजी एमएन ने बताया कि डीआईजी क्राइम योगेश यादव के सुपरविजन एवं एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्याप्रकाश के नेतृत्व में एएसआई शैलेंद्र शर्मा, हैड कांस्टेबल मदन लाल शर्मा व कांस्टेबल बृजेश कुमार की टीम भरतपुर की ओर रवाना की गई है। टीम को गुरुवार को सूचना मिली कि देवी राम हत्याकांड के दो आरोपी आज नगर कस्बे से हरियाणा की ओर फरारी काटने जा रहे हैं। इस सूचना पर डीग एसपी राजेश मीणा के समन्वय में एजीटीएफ द्वारा कामां एसएचओ मनीष शर्मा के सहयोग से गुरुवार को मुल्लाका निवासी इनामी अपराधी बलराज गुर्जर पुत्र तीता एवं रामप्रसाद गुर्जर पुत्र हरिकिशन का पीछा कर कैथवाड़ा के पास घेराबंदी कर दबोच लिया। दोनों आरोपियों को कामां पुलिस ने अपने मामले में गिरफ्तार कर लिया है।

**यह है मामला :-** 11 जून 2021 की सुबह खरीदारी करने बाइक लेकर कामां के लिए निकले देवी राम गुर्जर निवासी मुल्लाका पर पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही 20-22 व्यक्तियों ने लोहे के सरियों और लाठियों से हमला कर दिया, मरा समझकर हवाई फायर करते हुए गांव आ गए। गांव में गोपाल व कल्लु पुत्र जोहरी, शिवराम पुत्र जीतराम, घनश्याम पुत्र रज्जो एवं तीन बच्चों सचिन पुत्र राजू, क्षमा पुत्री रामनिवास और उमेश पुत्री कल्लु पर भी बंदूक व देशी कट्टे से फायर कर घायल कर दिया। गंभीर घायल देवीलाल ने जयपुर लाते समय महुआ से पहले दम तोड़ दिया। एडीजी ने बताया कि इस मामले में थाना पुलिस द्वारा पूर्व में 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया था, घटना के बाद से फरार 13 आरोपियों में से 25-25 हजार के दो आरोपियों राम अवतार गुर्जर एवं बबली गुर्जर निवासी मुल्लाका को एजीटीएफ द्वारा 26 जून को पलवल एवं थाना खोह इलाके से डिटेन किया गया था।

# ट्रिपल हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा किया, पड़ोसी ही निकला हत्यारा

## आरोपी ऑनलाइन गेम रमी खेलने का आदी था, रुपए हारा तो उसने चोरी की प्लानिंग रची और तीनों का मर्डर कर दिया

**जोधपुर, (कासं)।** बनाड़ थानान्तर्गत नांदड़ा खुर्द गांव में बुधवार को एक वृद्धा और उसकी दो मासूम दोहितियों की हत्या के मामले में पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया है। ट्रिपल हत्याकांड में पुलिस ने गुरुवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी उसी गांव का रहने वाला है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

अब तक की पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ऑनलाइन गेम रमी खेलने का आदि था। रुपए हारा तो उसने भंवरी देवी के घर में चोरी की प्लानिंग रची और इसके बाद तीनों का मर्डर कर दिया। वहीं ट्रिपल मर्डर की चश्मदीद महिला के सिर में फंसी कुल्हाड़ी निकाल दिया है। मामला बनाड़ इलाके के गांव नांदड़ी खुर्द का है। आरोपी दिनेश जाट भंवरी देवी के घर के पड़ोस में ही रहता था। मर्डर के बाद वह गांव में ही था। डीसीपी पूर्व आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी दिनेश जाट बनाड़ थाने के नांदड़ी खुर्द गांव का ही रहने वाला है। कल घटना के बाद पुलिस टीम जब गांव पहुंची तो गांव के लोगों ने दिनेश जाट पर शक जताया था। इसके बाद उसे डिटेन कर पूछताछ शुरू की।

अभी तक की हुई पूछताछ में दिनेश ने बताया कि वह ऑनलाइन गेम रमी खेलने का आदि था। इसमें रुपए हार गया तो उसने भंवरी देवी के घर में चोरी करने की प्लानिंग बनाई। जब वह वारदात करने पहुंचा तो भंवरी देवी समेत उसकी बेटी और दोहितियां घर में ही थी। उसे चोरी का मौका नहीं मिला। वह शराब के नशे में था और तीनों की हत्या कर दी। आरोपी ने बताया कि हत्या के बाद वह घर जाकर दोबारा गेम खेलने लग गया था। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि आरोपी दिनेश जाट पहले भी ऑनलाइन गेम में पांच लाख रुपए हार चुका था, जिसके बाद उस पर कर्जा हो गया।

मामले के अनुसार भंवरी देवी (68), उनकी दो दोहिती भावना (5) और साढ़े तीन साल की लक्षिता की बुधवार रात को हत्या कर दी थी। वहीं हमले में बच्चियों की मां संतोष (27) गंभीर घायल हो गई थी। महिला के सिर में कुल्हाड़ी फंस गई थी, इसलिए उसने बच्चियों को टांके में डूबा कर मार डाला। घायल महिला का एमडीएम हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। हत्यारे ने मां-बेटी पर कुल्हाड़ी से वार किया गया था, वहीं दोनों बहनों को पानी में डुबोकर मारा था। महिला अपनी मां और बेटियों की मौत से बेखबर है। घर में भंवरी देवी की एक साल की पोती अनिश्का भी थी, लेकिन वह दूसरे कमरे में होने की वजह से बच गई। इधर, पुलिस द्वारा मामले के खुलासे के बाद धरने पर बैठे परिजन मान गए और शवों का पोस्टमार्टम करवाया।

- **नांदड़ा खुर्द गांव में एक वृद्धा और उसकी दो मासूम दोहितियों की हत्या का मामला**

जाजीवाल गांव के रहने वाले किशनाराम ने बताया कि वह सिंचाई विभाग में गाड़ी चलाते हैं। बुधवार को ड्यूटी के दौरान ससुराल से कॉल आया और सास व बेटियों की हत्या का पता चला। सुनते ही पैरों तले जमीन खिसक गई। मेरी समझ नहीं आया कि मेरी बेटियों ने हत्यारे का क्या बिगाड़ा था। पत्नी को कैसे बताऊंगा की हमारे जिगर के टुकड़े अब इस दुनिया में नहीं है।

किशनाराम ने कहा कि पत्नी संतोष से उसने बुधवार सुबह 11 बजे फोन पर बात की थी। उसने कहा था कि बेटियों का एडमिशन करवाना है। तब उसे कहा था, शनिवार को छुट्टी है। तब आकर तय करेंगे कौनसी स्कूल में एडमिशन करवाएंगे। बच्चियों के पिता ने रोते हुए कहा कि क्या पता था कि शाम तक दोनों बेटियां दुनिया में ही नहीं रहेगी। किशनाराम ने बताया कि हमारी शादी 2017 में हुई थी। उस समय घर से 22 तोला सोना चोरी हुआ था। उस चोरी का खुलासा नहीं हुआ और अब यह दूसरी घटना है।

राजस्थान सरकार
कार्यालय अधिशाषी अभियंता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
राजकीय जनाना चिकित्सालय परिसर
मोरी चार बाग-भरतपुर-321 001 (राज.)
eemhbharatpur@gmail.com
ee-mh-bharatpur@gov.in
Mob. 9602097030

क्रमांक/ M&H /2024-25/626 दिनांक-24.06.2024

**निविदा सूचना संख्या-3/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत विभिन्न कार्य जिला भरतपुर/धौलपुर/करौली में रू.231.59 लाख के निर्माण कार्य हेतु राजस्थान सरकार के समकक्ष उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संार विभाग/रेल्वे इत्यादि में सिविल कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की बेवसाईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेबसाईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

| UBN NO. | |
|---|---|
| Construction work of SHC Nayagaon District Bharatpur | NIB Code MHS2425A0788 and UBN is:MHS2425WSOB01125 |
| Construction work of SHC Kanarda District Karauli | UBN is: MHS2425WSOB01126 |
| Construction work of SHC Chorghan District Karauli | UBN is: MHS2425WSOB01127 |
| Internal Electrificalion work in CHC Katkad District Karauli | UBN is: MHS2425WSOB01128 |
| Solar Power Plant at PHC Daulatpura District Karauli | UBN is: MHS2425WSOB01129 |
| SITC of access CCTV & UPs work at BPHU Sewar Distt.Bharatpur | UBN is: MHS2425WSOB01130 |
| SITC of access CCTV & UPs work at BPHU Sapotra-Distt.Karauli | UBN is: MHS2425WSOB01131 |
| SITC of access CCTV & UPs work at BPHU Shree Mahaveer Jce-Distt.Karauli | UBN is: MHS2425WSOB01132 |
| Internal electrification work in PHC Chhaproli- Distt. Dholpur | UBN is: MHS2425WSOB01133 |
| Internal electrification work in PHC Gadajan- Disst. Bharatpur | UBN is: MHS2425WSOB01134 |
| Constraction work of LACTATION Management UNIT (LMU) DH Hindaun Distt.Karauli | UBN is: MHS2425WSOB01135 |
| Constraction work of LACTATION Management UNIT (LMU) DH Badi Distt.Dholpur | UBN is: MHS2425WSOB01136 |

(एल.के. अग्रवाल)
अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, भरतपुर

DIPR/C/5370/2024

# जयपुर में 2 दिन में करीब 4 इंच बारिश दर्ज





राजधानी जयपुर में गुरूवार को लगातार दूसरे दिन तेज बारिश का दौर चला। अलसुबह से लेकर देर शाम तक कभी तेज तो कभी हल्की बौछारों ने शहर को भिगोया। कलेक्ट्री स्थित कंट्रोल रूम के मुताबिक बुधवार सुबह से लेकर गुरूवार शाम 5 बजे जयपर शहर में 98 मि.मी. ( 3.85 इंच ) बारिश दर्ज की गई। मानसून की इस पहली मूसलाधार बारिश ने सड़कों और ड्रैनेज की पोल खोल कर रख दी है। इसके कारण गुरुवार सुबह तक लोग ट्रैफिक जाम में परेशान होते दिखे। उधर बारिश के कारण जयपुर कलेक्ट्री, कालवाड़ रोड, चौमूं पुलिया, टोंक रोड और परकोटे में दिनभर ट्रेफिक जाम की स्थिति रही। जयपुर ग्रामीण के गाँव बरवाड़ा में शाम को आकाशीय बिजली कड़कने का नज़ारा।

# राजस्थान को 'औद्योगिक प्रदेश' बनाएगी सरकार : कर्नल राठौड़

- विधानसभा में रीको के वार्षिक प्रतिवेदन पर चर्चा
- विगत 5 वर्षों में 176 औद्योगिक क्षेत्रों की घोषणा हुई, लेकिन केवल 31 ही अस्तित्व में आ पाए : राठौड़

**जयपुर**। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान को 'औद्योगिक राज्य' बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। इसके लिए सरकार का संकल्प भी है और स्पष्ट नीति और नीयत भी है।

उन्होंने कहा कि किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए उद्योग बहुत जरूरी होते हैं। जिस देश या राज्य में उद्योग और निवेश आते हैं, वहां अर्थव्यवस्था सुधरती है और रोजगार के अवसर पैदा होते हैं।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री गुरूवार को विधानसभा में राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास और निवेश निगम लिमिटेड (रीको) के वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021-22 पर विचार के दौरान अपना वक्तव्य दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने विगत 10 वर्षों में देश में उद्योग और निवेश के रास्ते खोले हैं। उसी का परिणाम है कि आज दुनियाभर के उद्यमी भारत में निवेश करना चाहते हैं। देश को दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में प्रदेश के उद्यमियों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। कर्नल राठौड़ ने कहा कि अब हम राजस्थान को औद्योगिक रूप से बदलेंगे।

'आत्मनिर्भर भारत' के साथ 'आत्मनिर्भर राजस्थान' भी बनेगा। मंत्री राठौड ने कहा कि औद्योगिक उन्नित के लिए नीति, नीयत और दृष्टि का होना बहुत जरूरी है। हम राजस्थान को आगे ले जाना चाहते हैं। इसके लिए राज्य सरकार सस्टेनेबल इंडस्ट्रियल ग्रोथ लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि हम वास्तविक बिजनेसमैन को आगे बढ़ाना चाहते हैं। उद्यिमयों को सुविधा की दृष्टि से प्रदेश में उद्योग के लिए भूमि की लागत कम करने की दिशा में विचार चल रहा है। प्रदेश में सौर ऊर्जा की अपार संभावना है। ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों को पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। इसमें ईआरसीपी का भी उद्योगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि उद्यिमयों की सुविधा के लिए ऑनलाइन सेवाएं भी शुरू की गई है, जिससे उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे तथा सभी कार्य मोबाइल के माध्यम से ही हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में छोटे एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अलग से भूखण्डों का प्रावधान किया गया है। इसके लिए लॉटरी सिस्टम भी शुरू कर दिया गया है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने कहा कि गत सरकार ने रीको की राशि दूसरी योजनाओं में उपयोग में ली। उन्होंने कहा कि विगत 5 वर्षों में 176 औद्योगिक क्षेत्रों की घोषणा हुई, लेकिन केवल 31 औद्योगिक क्षेत्र ही अस्तित्व में आ पाए। उन्होंने भौगोलिक क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप उद्योगों की स्थापना की जरूरत पर बल दिया। साथ ही, नई तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा आदि के क्षेत्र में निवेश की आवश्यकता भी जाहिर की।

# 'डेयरी में भ्रष्टाचार व मिलावट की शिकायत पर होगी सख्त कार्रवाई'

- विधानसभा में आरसीडीएफ के वार्षिक प्रतिवेदन पर चर्चा
- डेयरी विकास और पशुपालकों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध : मंत्री कुमावत

**जयपुर**, (वि.सं.)। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार डेयरी व्यवसाय के माध्यम से किसानों, महिलाओं और युवाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के नेटवर्क का गांव-गांव तक विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डेयरी में भ्रष्टाचार अथवा मिलावट को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पशुपालन एवं डेयरी मंत्री गुरूवार को विधानसभा में राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन लिमिटेड के वर्ष 2018-19 से 2021-22 के वार्षिक प्रतिवेदनों पर चर्चा के बाद अपना वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार डेयरी के विकास और पशुपालकों को आर्थिक सशक्त बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। राज्य सरकार पशुपालकों के हित में बीमा योजना का दायरा बढ़ाने पर विचार कर रही है, जिसके तहत सभी पशुओं का बीमा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लायी गई पशु बीमा योजना विफल रही। कुमावत ने कहा कि पशु चिकित्सालयों में रिक्त पदों पर जल्दी ही भर्तियां की जाएंगी। साथ ही, न्यायालय में अटकी 900 पशु चिकित्सकों की भर्ती में भी प्रकरण का निस्तारण होने पर शीघ्र नियुक्तियां दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने एक बड़ी पहल करते हुए प्रदेशभर में 536 मोबाइल वेटरनरी यूनिट की शुरूआत की है। इसके लिए शीघ्र ही एक कॉल सेंटर शुरू किया जाएगा। इस पर कॉल करने पर मोबाइल वेटरनरी यूनिट उपचार के लिए पशुपालक के घर पर पहुंचेगी।

कुमावत ने राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन के पिछले वर्षों के टर्न ओवर और शुद्ध लाभ की जानकारी देते हुए बताया कि संघ निरन्तर मुनाफे में चल रहा है। दूध उत्पादन में राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने बताया कि डेयरी के माध्यम से दूध संकलन में गुजरात और कर्नाटक के बाद राजस्थान तीसरे स्थान पर है। मंत्री कुमावत ने कहा कि बेरोजगारी दूर करने, महिला सशक्तीकरण एवं पशुपालकों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद समितियों का गठन कर 13 हजार से अधिक नये सदस्य जोड़े गए हैं। उन्होंने कहा कि सरस डेयरियों के माध्यम से आमजन को दूध व दूध से बने शुद्ध उत्पाद उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। साथ ही, मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों के लिए दूध की आपूर्ति की जा रही है। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री दुग्ध संबल योजना के तहत दिया जाने वाला 5 रुपये प्रति लीटर का अनुदान अब डीबीटी के माध्यम से सीधे पशुपालक के खाते में हस्तांतरित किया जा रहा है, जिससे इसमें भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं रहे। इस योजना के अंतर्गत 525 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

# पहली बार वृहद प्रदेश कार्यसमिति को बैठक 13 को

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी की अध्यक्षता में राजस्थान प्रदेश की वृहद कार्यसमिति की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्य समिति बैठक ऐसे अवसर पर हो रही है जब राजस्थान में भाजपा की सरकार है और केन्द्र में नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें है। ऐसे में प्रदेश कार्य समिति की बैठक को भव्य तथा दिव्य बनाने के लिए पूर्व तैयारियों के संबंध में आज भाजपा पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 13 जुलाई को सीतापुरा स्थित जेईसीसी के सभागार में आयोजित होगी। प्रदेश में पहली बार ऐसी व्रत प्रदेश कार्य समिति का आयोजन होगा जिसमें सभी विधायक जनप्रतिनिधि एवं प्रदेश जिला और मंडल स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे हालांकि हर बार राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक पहले दिल्ली में आयोजित होती थी। उसके बाद प्रदेश कार्य समिति का आयोजन और उसके साथ दिन बाद जिला फिर मंडल के कार्य समितियां का आयोजन किया जाता था लेकिन पहली बार एक साथ पूरे प्रदेश की कार्य समिति का आयोजन 13 जुलाई को होगा। प्रदेश कार्य समिति बैठक के सफल संचालन के लिए पार्टी की ओर से अलग-अलग समितियां बनाई गई हैं, और समितियों का कार्य विभाजन किया गया है। प्रदेश कार्य समिति की बैठक में अतिथियों के प्रोटोकॉल, रजिस्ट्रेशन से लेकर हर व्यवस्था सुचारू हो, इसके लिए सभी की जिम्मेदारी तय की गई है।

भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है, यहां पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ता तक अनुशासन में रहकर अपने दायित्व को पूरा करने का प्रयास करते हैं।

# श्री प्रताप फाउंडेशन का दायित्व बोध संवाद कार्यक्रम संपन्न

**जयपुर**। श्री क्षत्रिय युवक संघ के आनुषंगिक संगठन श्री प्रताप फाउंडेशन के तत्वावधान में जयपुर के संघशक्ति भवन में दायित्व बोध संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पिछले दिनों हुए विधानसभा और लोकसभा चुनावों में विजय प्राप्त करने वाले राजपूत विधायक और सांसद, विधानसभा और लोकसभा चुनाव लड़ने वाले राजपूत प्रत्याशियों और पूरे प्रदेश से राजनीतिक रूप से सक्रिय समाज बंधु कार्यक्रम में शामिल हुए।

दायित्व बोध संवाद कार्यक्रम में एक जनप्रतिनिधि होने के नाते हमारे समाज व राष्ट्र के प्रति क्या दायित्व है इस पर चर्चा हुई। आजकल हर स्थान पर अधिकारों की ही लड़ाई देखी जा सकती है, कोई दायित्व की चर्चा नहीं करता। हम अगर अपने अपने दायित्व का निर्वहन करना प्रारंभ दे तो संसार की अधिकतम कठिनाइयों का निवारण हो जाए।

श्री प्रताप फाउंडेशन के संयोजक महावीर सिंह सरवाड़ी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी राजनीतिक कार्यकर्ता हैं। राजनीति में आपस में प्रतिस्पर्धा होती है और आप सबमें भी आगे बढ़ने के लिए प्रतिस्पर्धा रहती है। समाज आपसे यह अपेक्षा करता है कि वह प्रतिस्पर्धा स्वस्थ हो, प्रतिस्पर्धा के कारण आप आपस में एक दूसरे को हानि नहीं पहुंचायें क्यों कि आप में से किसी की भी हानि समाज की हानि होती है क्योंकि आप सब समाज की संपत्ति हैं। यह स्वाभाविक भी है।

# लैब टेक्नीशियन भर्ती में नियुक्ति नहीं देने पर मांगा जवाब

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग की लैब टेक्नीशियन भर्ती-2023 में कट ऑफ से ज्यादा अंक होने और अभ्यर्थी को बोनस अंक नहीं देने के खिलाफ अलग-अलग दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश हितेश और अशोक कुमार की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

हितेश कुमार की याचिका में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने 31 मई 2023 को लैब टेक्नीशियन पद के लिए विज्ञापन जारी कर भर्ती निकाली थी। इसमें याचिकाकर्ता ने टीएसपी कोटे से इस पद के लिए आवेदन किया और भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया। उसके 42.12 अंक आए, जबकि विभाग की ओर से अंतिम कट ऑफ 41.406 अंक घोषित की गई। इसके बावजूद भी विभाग ने उसे ना तो दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया और ना ही उसे अंतिम तौर पर चयनित किया गया।

## दुष्कर्मी को सजा

**जयपुर**। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1, महानगर प्रथम ने 11 साल की बालिका को टॉफी दिलाने के बहाने ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त जितेन्द्र को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने एमपी निवासी इस अभियुक्त पर 1.80 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसे जीवन भर ना भूलने वाला घाव दिया है। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

# राजस्थान विधान सभा में पहली बार हुआ लंच ब्रेक

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के द्वितीय सत्र में गुरूवार को लोकसभा की तर्ज पर सत्र की बैठकों के दौरान मध्यान्ह भोजन अन्तराल की व्यवस्था दी। देवनानी ने कहा कि लोक सभा की तर्ज पर राजस्थान विधान सभा में भी भोजन अन्तराल का निश्चित समय तय किया गया है। इससे एक ही समय पर सभी विधायक भोजन कर सकेंगे और उसके बाद पुन: सदन में कार्यवाही में भाग ले सकेंगे। उल्लेखनीय है कि देवनानी ने लंच ब्रेक के बारे में सर्वदलीय बैठक में भी चर्चा की थी। देवनानी के इस प्रस्ताव पर सर्वदलीय बैठक में मौजूद सभी दल के प्रतिनिधियों ने इसे अच्छी पहल बताते हुए सहमति व्यक्त की थी। गुरूवार को पहली बार सदन की बैठकों के दौरान राजस्थान विधान सभा में मध्यान्ह भोजन अंतराल किया गया।

## दहेज के लिए पत्नी को ''तीन तलाक''

**जयपुर** । सोडाला थाना इलाके में दहेज मांग पूरी नहीं करने पर मोबाइल कॉल कर पति द्वारा पत्नी को तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच पडताल में सामने आया है कि दहेज की मांग को लेकर सुसराल वाले दुल्हन को विदा कर घर नहीं ले गए थे और दहेज मांग पूरी नहीं करने पर पति ने तीन तलाक दे दिया। इस संबंध में पीड़िता के पिता ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि सोडाला निवासी व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया है कि फरवरी 2023 में उसकी बेटी का निकाह दिल्ली निवासी युवक से हुआ था। निकाह से पहले ससुराल वालों से दहेज की डिमांड पूछने पर मना किया था।

# करंट से युवक की मौत

**जयपुर** । कालवाड़ रोड स्थित सिंधी कॉलोनी में बुधवार को तेज बारिश के दौरान पानी में करंट से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। कांवटिया हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम के दौरान मृतक के परिजनों व लोग मुआवजे की मांग को लेकर इकट्ठा हो गए। बिजली विभाग की लापरवाही बताकर मृतक के परिवार को मुआवजे दिए जाने की मांग रखी। पुलिस ने आश्वासन देकर इकट्ठा हुए लोगों से समझाइस कर शांत करवाया।

पुलिस ने बताया कि बारिश के पानी में करंट से नांवा नागौर निवासी ओम प्रकाश कुमावत (35) की मौत हो गई। वह हाथोज में परिवार के साथ रहकर निर्माणाधीन मकानों में कारीगरी का काम करता था। बुधवार शाम करीब 7 बजे वह बाइक पर अपने साथी रामलाल के साथ घर लौट रहा था। कालवाड रोड पर सिंधी कॉलोनी में रोड पर भरे बारिश के पानी में करंट आ गया। पानी में बाइक उतरकर झटका लगते ही दोनों गिर गए। लोगों ने लड़की से खींचकर रामलाल को बचा लिया, लेकिन करंट लगने से ओमप्रकाश की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया था। मृतक के परिवार को मुआवजा दिलाने को लेकर परिजन, रिश्तेदार और कॉलोनी के लोग इकट्ठा होकर कांवटिया हॉस्पिटल पहुंचे। हॉस्पिटल में इकट्ठा हुए लोगों ने मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए की मुआवजे की मांग रखी। शांति से प्रदर्शन कर रहे परिजनों का कहना था कि बिजली विभाग की लापरवाही से ओमप्रकाश की मौत हुई है।

# राजस्थान के सरपंच एक बार फिर आंदोलन की राह पर

- मांगें नहीं मानी गई तो 18 जुलाई को विधानसभा के घेराव की चेतावनी

**जयपुर**, (का.सं.)। सरपंच संघ राजस्थान की महत्वपूर्ण मीटिंग राजस्थान सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष बंसीधर गढ़वाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई सरपंच के मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान ने बताया कि मीटिंग में प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं राजस्थान के सभी जिलों से जिला अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष एवं सरपंचो ने भाग लिया एवं सभी ने अपने-अपने विचार रखें 2 घंटे विचार विमर्श करने के बाद सरपंच संघ की कार्यकारिणी द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर सरकार एवं उच्च अधिकारियों से बार-बार मिलने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं पाया, राज्य वित्त आयोग एवं केंद्रीय वित्त आयोग नरेगा सामग्री का भुगतान समय पर नहीं हो रहा है यह करीबन 2 साल का बकाया चल रहा है। खाद्य सुरक्षा का पोर्टल लंबे समय से बंद है और यह 2011 के आंकडों के अनुसार चल रहा है। इसमें पोर्टल को खोलकर नए पात्र परिवारों को जोड़ने की मांग को लेकर काफी प्रयास किया जा चुके हैं लेकिन आम जनता को राहत नहीं दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृतियां 2021 के बाद जारी नही हुई है। ऐसे लाखों पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास के इंतजार में बैठे हुए हैं। ऐसे में पात्र परिवारों को शीघ्र प्रधानमंत्री आवास दिया जाए वह पोर्टल खोलकर वंचित परिवारों को जोड़ा जाए।

इसी प्रकार की अन्य मांगों को लेकर करीबन 14 मांगों का मांग पत्र तैयार किया गया एवं राजस्थान का ज्ञापन आज सचिवालय में मुख्य सचिव सुधांशु पंत को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। इसके अलावा अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज अभय कुमार, पंचायत राज सचिव रवि जैन, ग्रामीण विकास सचिव आशुतोष ए टी, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त विभाग अखिल अरोड़ा, नरेगा आयुक्त टीना डाबी सहित अन्य अधिकारियों से मुलाकात करके पुणे सरपंचों की समस्याओं से अवगत कराया साथ ही चेतावनी दी कि अगर समय रहते सरपंचों की समस्याओं का समाधान नहीं किया तो 8 जुलाई सोमवार को राजस्थान की सम सेंट ग्राम पंचायत में 1 दिन की सांकेतिक तालाबंदी की जाएगी, इसके बाद 10 जुलाई को पंचायत समिति स्तर पर धरना व ज्ञापन दिया जाएगा तथा 12 जुलाई को सभी जिला मुख्यालयों पर जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा जाएगा।

इसके बाद भी मांगे नहीं मानी जाती है तो 18 जुलाई को राजस्थान के सभी सरपंच जयपुर में इकट्ठा होकर विधानसभा का घेराव करेंगे बैठक में मुख्य रूप से सरपंच संघ राजस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष नेमीचंद मीणा रोशन अली मुख्य महामंत्री शक्ति सिंह रावत संयोजक महेंद्र सिंह मझेवला, जयपुर जिला अध्यक्ष मेहर सिंह धनकड़ मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान टोंक जिला अध्यक्ष मुकेश मीणा बूंदी जिला अध्यक्ष आनंद लाल मीणा झालावाड़ जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह गौड़ दौसा जिला अध्यक्ष हजारीलाल मीणा करौली जिला अध्यक्ष प्रकाश मीणा सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष बाबूलाल मीणा टोडाभीम ब्लॉक अध्यक्ष राकेश मीणा प्रदेश उपाध्यक्ष उम्मत शंकर यादव प्रदेश सचिव मनोज मीणा प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष रामलाल मीणा चित्तौड़ जिला अध्यक्ष गणेश साहू, पाली से महेंद्र सिंह चौहान जोधपुर से प्रमिला प्रमिला चौधरी दूदू से मंगली देवी प्रवक्ता रामप्रसाद चौधरी झुंझुनू से संजय कुमार सैनी उमेश सिंह बराला सीकर से विद्याधर मील लालसोट ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज मीणा जोधपुर से नाथू सिंह डूंगरगढ़ से राकेश नायक मांडलगढ़ से सोमवती मीणा भीमसागर से सत्यनारायण शर्मा सहित अन्य सभी जिलों से प्रमुख प्रमुख सरपंच उपस्थित रहे।



सरपंच संघ राजस्थान की महत्वपूर्ण मीटिंग राजस्थान सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष बंसीधर गढ़वाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

## जल उपयोग पर सेमिनार आज

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रदेश में जल संरक्षण व हरियाली क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से जलदाय मंत्री कन्हैयालाल द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में शुक्रवार को प्रात: 10 बजे पौधारोपण किया जाएगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में लगभग 500 छायादार एवं फलदार पौधे लगाए जाएंगे साथ ही विभाग के राजस्थान भर के संस्थानों एवं कार्यालयों में एक लाख पौधे लगाने के अभियान के तहत पौधारोपण की शुरुआत की जाएगी।

# लड़कियों को भगाकर शादी करने वालों के खिलाफ कानून बनाने की मांग उठी

**कांग्रेस विधायक पूसाराम गोदारा ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाया**

**जयपुर** (विसं)। विधानसभा में शून्यकाल के दौरान घर से भागकर शादी करने वालों के लिए नया कानून बनाने का मुद्दा उठा। रतनगढ़ से कांग्रेस विधायक पूसाराम गोदारा ने शून्यकाल में मामला उठाते हुए कहा कि, ''कई युवक-युवतियां घर से भागकर शादी कर लेते हैं, कई बार तो विवाहिता, अपने बच्चों को छोड़कर प्रेमी संग भाग जाती है। जब लड़के-लड़कियां घर से भागकर शादी करते हैं तो गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवाते हैं। पुलिस बरामद करती है तो लड़की घरवालों को पहचानने से मना कर देती है या उनसे ही खुद को खतरा बताते हुए केस कर देती है। कई मामले में प्रॉपर्टी में हिस्से को लेकर भी विवाद करती है। जिस व्यक्ति के घर से लड़की भागती है, उसका समाज में रहना मुश्किल हो जाता है। कई परिवारों ने सामाजिक बदनामी से परेशान होकर आत्महत्या तक कर ली है। समाज में यह भारी समस्या बनती जा रही है।''

गोदारा ने कहा कि घर से भागकर शादी करने वालों के लिए एक काननू बनाने की जरूरत है। प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की सहमति अनिवार्य करने का प्रावधान करना चाहिए। कई मामलों में खुद लड़की भागती है और कई मामलों में बहला-फुसलाकर ले जाते हैं। माता-पिता की सहमति अनिवार्य करने से ऐसी घटनाएं रुकेंगी। लड़कियों को भगाकर शादी करने वालों के खिलाफ कोई काननू बनना चाहिए, समाज भारी परेशानी से गुजर रहा है। जिस परिवार के साथ बीतती है, उसका सामाजिक जीवन बर्बाद हो जाता है।

# अविनाश गहलोत ने राहुल गांधी को ''मंदबुद्धि बालक'' बताया

**जयपुर** (विसं)। विधानसभा में कांग्रेस विधायकों द्वारा सदन की कार्यवाही का बहिष्कार करने के दौरान सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने जुबानी हमला बोला। मंत्री गहलोत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को ''मंदबुद्धि बालक'' कह दिया।

गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी एक तरफ तो कहते हैं, डरो मत और दूसरी तरफ ये कांग्रेसी सदन से डरकर भाग रहे हैं। आप सदन में चर्चा में भाग लीजिए। आपके ''मंदबुद्धि बालक'' राहुल गांधी ने हिंदू समाज को बदनाम किया है। हिंदू समाज को हिंसक कहकर अपमान किया है। उन्हें हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए। उनमें हिम्मत है तो सदन में बहस कीजिए कि हिंदू हिंसक है। राहुल गांधी को जमीनी धरातल की जानकारी नहीं है।

अविनाश गहलोत ने यह टिप्पणी उस समय की, जब कांग्रेसी विधायक वॉक आउट कर रहे थे, हालांकि उनकी बात पर कुछ विधायकों ने नाराजगी जताई।

## जयपुर में मांस की अवैध दुकानें बंद करने की मांग

**जयपुर** (विसं)। राजधानी जयपुर में बिना लाइसेंस एवं अवैध रुप से चल रही मांस की दुकानों को बंद करने एवं लाइसेंसशुदा ऐसी दुकानों को नियमों के तहत सुचारु रुप से चलाने का मुद्दा विधानसभा में गूंजा। शून्यकाल में नियम 295 के तहत विशेष उल्लेख प्रस्ताव के तहत हवमाहल विधायक बालमुकुन्द आचार्य ने चारदीवारी क्षेत्र में बिना लाइसेंस की एवं खुले में मांस बिक्री का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बिना नियमों की पालना के लंबे समय से खुलेआम मांस की बिक्री हो रही है। बहुत कम दुकानदारों के पास ही लाइसेंस है लेकिन वहां कई दुकानदार खुले में मांस का प्रदर्शन कर रहे हैं।

## चेन तोड़ी

**जयपुर** । मालपुरा गेट इलाके में स्कूटी सवार चार बदमाश पैदल चल रहे एक युवक के गले से सोने की चेन तोड कर फरार हो गए। पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी भी कराई,लेकिन चेन स्नेचरों का कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित भगवान सहाय तंवर निवासी सांगानेर ने मामला दर्ज करवाया है कि वह बुधवार सुबह पैदल घर के बारह घूम रहा था। इस दौरान पारदिया अस्पताल स्टेडियम के पास से स्कूटी सवार चार लडके आए और अचानक उसके गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गए।

## सार-समाचार

### पर्यावरण संरक्षण रैली निकाली




**अंता** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अन्ता के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण की रैली का आयोजन किया गया स्थानीय विद्यालय की अध्यापिका सुरभि खंडेलवाल ने बताया कि रैली की शुरुआत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अन्ता से हरी झंडी दिखाते हुए मुख्य अतिथि तहसीलदार सुरेंद्र सिंह गुर्जर द्वारा की गई अपने उद्बोधन में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को आज के समय की महती आवश्यकता बताई रैली के अंतर्गत अन्ता के सभी राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया मुख्य बाजार से होते हुए रैली का समापन गढ़ परिसर में किया गया। छात्र-छात्राओं ने तख्तियों व नारों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया समापन के दौरान रैली की अध्यक्षता कर रहे नोडल विद्यालय प्रधानाचार्य राम कल्याण वर्मा ने बच्चों को घर पर भी पौधे लगाने की सलाह दी इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि के रूप में पधारी पवन अदलखा, महावीर मेहरा और प्रेमलता खत्री के साथ समस्त स्टाफ ने पौधारोपण किया कार्यक्रम के दौरान नोडल विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### युवक पर फायरिंग, जयपुर रैफर किया

**रामगंजमंडी** (निसं)। सुकेत बस स्टैंड के समीप बाइक सवार बदमाशों ने एक राह चलते युवक पर फायरिंग कर दी।वारदात में युवक यासिर उर्फ सुबुल के पैर में गोली लगी है। मामला बीती देर रात करीब 1 बजे का है।गोली लगने से घायल हुए युवक को जयपुर रेफर किया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल युवक सुबुल के अनुसार फायरिंग की वारदात को अंजाम देने वाला बदमाश नयागांव निवासी विनोद और सुकेत निवासी तौकीर है जो वारदात के बाद से फरार हैं। दोनों बदमाश अवैध कार्यो में लिप्त है। बताया जा रहा है कि युवक देर रात कोटा स्टोन फेक्ट्री से अपने मशीन मेन को लेकर घर लौट रहा था इसी दौरान रामगंजमण्डी रोड स्थित बेकरी के सामने बाईक पर सवार होकर आए करीब 2 से तीन बदमाशो ने फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान युवक के पैर में गोली लगी है।बताया यह भी जा रहा है कि घायल युवक ओर हमलावरों के बीच किसी प्रकार का झगड़ा नही था हमलावरों के टारगेट पर दूसरे युवक थे वारदात के दौरान युवक सड़क से गुजर रहा था और बेकरी के पास कुछ अन्य युवक बैठे हुए थे।इसी दौरान बदमाशो ने फायरिंग कर दी जिससे रास्ते से गुजर रहे यासिर के पैर को चीरती हुई गोली निकल गई इसके बाद परिजन युवक को सुकेत अस्पताल लेकर पहुंचे।जहां से उसे झालावाड़ रेफर कर दिया। इसके बाद युवक को झालावाड़ से कोटा ओर कोटा से जयपुर रेफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस ने घटना को लेकर मामला दर्ज कर लिया है और हमलावरों की तलाश में जुटी हुई है।

### अतिक्रमण हटाने के लिए ज्ञापन दिया

**नैनवां** (निसं)। धानु गांव विद्यालय समिति के सदस्यों व ग्राम वासियों ने विद्यालय भूमि व विद्यालय भवन पर आने जाने वाले पुराने रास्तो का अतिक्रमण हटाकर सीमाज्ञान करवाने की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के लिए तीन बीघा भूमि का नवीन आवंटन किया गया है।तथा पूर्व में 5 बीघा भूमि आवंटित है। उक्त तीन बीघा भूमि पर ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर बाड़े बना रखे हैं। साथ ही विद्यालय तक आने जाने वाले रास्तों पर भी ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर रखा है। जिस से आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अतः उक्त संदर्भ में संज्ञान लेते हुए हल्का पटवारी के माध्यम से रास्तों व विद्यालय भूमि का सीमा ज्ञान करवाते हुए अतिक्रमण मुक्त करवाया जावे। ताकि विद्यालय भूमि पर ढोल बंदी कर संरक्षित किया जा सके। इस अवसर पर हंसराज राजेंद्र ओम प्रकाश पदम मीना छीतर जयराम विकास आभाराम, रामसहाय, हनुमान सहित विद्यालय के बच्चे विद्यालय समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ईदगाह कमेटी जुमला की बैठक

**अंता** (निसं)। ईदगाह कमेटी जुमला मुसलमान अंता के सदर हाजी रसूल मोहम्मद के निजी आवास पर मीटिंग आयोजित हुई। जिसमें विचार विमर्श करने के बाद कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें जिम्मेदार व्यक्तियों को अलग अलग जिम्मेदारिया सौंपी गई। ईदगाह कमेटी मीडिया प्रभारी शफीक मंसूरी, उस्मान खान ने बताया कि कमेटी की घोषणा में जिम्मेदार व्यक्तियों को सरपरस्त बनाया गया। पूर्व ईदगाह सदर व मुस्लिम समाज के वरिष्ठ लोगों को वरिष्ठ सलाहकार घोषित किया गया। इसी प्रकार कमेटी का विस्तार करते हुए वरिष्ठ नायब सदर, सलाहकार, जनरल सेक्रेटरी,ज्वाइंट सेक्रेटरी, खचांजी, प्रवक्ता, मीडिया इंचार्ज की कार्यकारणी घोषित की। इसी के साथ साथ अन्य विभिन्न कमेटियां गठित की गई। कार्यकारिणी घोषणा के बाद बारिश के मौसम को देखते हुए ईदगाह सदर द्वारा नवनियुक्त कमेटी के सहयोग से 100 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। शीघ्र ही नव नियुक्त ईदगाह कमेटी कार्यकारिणी की बैठक आमंत्रित की जाएगी।

### 'पर्यावरण से ही हमारा अस्तित्व'

**छबड़ा** (निसं)। पुलिस उपाधीक्षक जयप्रकाश अटल ने वन विभाग टीम के साथ गुरुवार सुबह अपने निवास के पीछे स्थित गार्डन में वृक्षारोपण किया तथा उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की है। जानकारी अनुसार पुलिस उपाधीक्षक जयप्रकाश अटल ने गुरुवार को वन विभाग टीम के साथ अपने निवास के पीछे स्थित गार्डन में वृक्षारोपण किया तथा उन्होंने कस्बेवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपनी ज़िम्मेदारी समझते हुए कम से कम एक पेड़ लगाए तथा छबड़ा को हराभरा बनाने में अपनी भूमिका निभाए। इस दौरान उनके साथ हरीसिंह राठौड़, ओमप्रकाश गनमैन, वन विभाग से तेजराज हाड़ा, ललित, जितेंद्र शक्तावत व अरविंद मौजूद रहे।

### करंट से युवक की मौत

**छबड़ा** (निसं)। जैपला गांव में गुरुवार को आम के पेड़ से कैरी तोड़ रहा एक व्यक्ति पास से गुज़र रही 11 केवी विद्युत लाइन के सम्पर्क में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची बापचा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थानाधिकारी बुद्धराम जाट ने बताया कि जैपला गांव निवासी रामप्रसाद मेहर गांव के बालाजी मंदिर के पास लगे आम के पेड़ से बांस की लकड़ी पर आगे लोहे का तार बांध कर कैरी तोड़ रहा था इसी दौरान पास से गुज़र रही 11 केवी विद्युत लाइन के सम्पर्क में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### शांति मंडल विधान का आयोजन

**बून्दी** (निसं)। शहर के गुरुनानक कॉलोनी स्थित दिगंबर जैन मंदिर में गुरुवार को शांति मंडल विधान का आयोजन किया गया। मंडल विधान की पूजा से पूर्व जिनेंद्र देव की शांति धारा की गई शांति धारा का सौभाग्य कैलाशचंद पाटनी, प्रदुमन पाटनी, जितेंद्र पाटनी, प्रमोद पाटनी, लक्ष्य पाटनी परिचार की प्राप्त हुआ। मंडल विधान में महिला पुरुषों ने अर्घ्य चढ़ाया। फौजियों की धुन पर महिलाओं ने जिन्हें देव के समक्ष मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति भी दी। पंडित सुरेश जैन ने विधान की पूजा अर्चना सम्पन्न करवाई। इस मौके पर कमलेश पाटनी, प्रमिला, निर्मला, रेखा, उर्मिला, गुणमाला, चंद्रेश छाबड़ा सहित महिलाएं पुरुष मौजूद रहे।

### श्रीजी विराजमान कार्यक्रम संपन्न

**बूंदी** (निसं)। शहर के चौगान जैन मंदिर में मुनि आदित्य सागर महाराज संघ के सानिध्य में दो दिवसीय श्री जी विराजमान कार्यक्रम संपन्न हुआ। वेदी में भगवान आदिनाथ, भरत और बाहुबली का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मुनि के सानिध्य में विराजमान कराया गया। भगवान को बेदी में विराजमान करने का सौभाग्य राजकुमार, नीरज कुमार कासलीवाल परिवार को मिला। इससे पूर्व श्री जी के अभिषेक व शांति धारा हुई। इसके बाद मोक्ष कल्याणक के संस्कार व हवन और धर्म सभा हुई।

# जिला कलेक्टर ने आमजन की समस्याएं सुनी

■ कलेक्टर ने कहा कि गांव की चारागाह भूमि एवं अन्य स्थानों पर अतिक्रमण न करें




**जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गहनता से सुनते हुए उनके निस्तारण के लिए संबंधित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।**

**झालावाड़,** (निसं)। आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के लिए राज्य सरकार के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत जुलाई माह के प्रथम गुरूवार को पंचायत समिति बकानी की ग्राम पंचायत करलगांव में जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गहनता से सुनते हुए उनके निस्तारण के लिए संबंधित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि गांव की चारागाह भूमि एवं अन्य स्थानों पर अतिक्रमण न करें।

जनसुनवाई में खेत पर जाने का रास्ता खुलवाने, जमीनों से अतिक्रमण व कब्जा हटवाने, मस्टरोल में नाम जुड़वाने, खाद्य सुरक्षा योजना में राशन नहीं मिलने, राजकीय विद्यालय में शौचालय बनवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम जुड़वाने, पीएम किसान सम्मान निधि योजना कीं राशि नहीं मिलने सहित पानी एवं बिजली संबंधी विभिन्न परिवाद आए जिनके निस्तारण के लिए जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस दौरान जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भुदयाल मीणा, उपखण्ड अधिकारी संतोष कुमार मीणा, पूर्व विधायक नरेन्द्र नागर, तहसीलदार गजेन्द्र शर्मा, विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा, बकानी प्रधान मोतीलाल एरवाल, सरंपच सोरम बाई सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

दो महिलाओं को किया आस्था कार्ड का वितरण:- जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से पात्र महिलाओं राज बाई शर्मा एवं संतोष बाई को आस्था कार्ड का वितरण किया। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक रामनिवास यादव उपस्थित रहे।

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ के नेतृत्व में सेमलीखाम में जिला प्रमुख प्रेम बाई दांगी, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भुदयाल मीणा, पिडावा प्रधान सीता बाई भील, स्थानीय सरपंच, पूर्व उप जिला प्रमुख भागचन्द दांगी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों के द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प दिलाया।

इसके पश्चात् करलगांव के खेल मैदान में जिला कलक्टर सहित पूर्व विधायक नरेन्द्र नागर, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने पौधारोपण किया। तत्पश्चात् राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (गुरूकुल) झीझनिया एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बडबड एवं ग्राम पंचायत रिछवा के ग्राम दीवडी में भी पौधारोपण किया गया। सभी जगह जिला कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करने की अपील करते हुए संकल्प दिलाया गया। इस दौरान जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भुदयाल मीणा, उपखण्ड अधिकारी झालावाड़ संतोष कुमार मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी हंसराज मीणा सहित अन्य जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भाजपा शहर मंडल की बैठक कल

**बूंदी** (निसं)। शहर के धान मंडी धर्मशाला में शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी की अध्यक्षता में आयोजित भाजपा शहर मंडल की बैठक में आगामी 6 जुलाई को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रथम बार बूंदी आगमन को लेकर किए जा रहे स्वागत अभिनन्दन कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। कार्यक्रम प्रभारी पूर्व सभापति महावीर मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 6 जुलाई को 12 बजे बूंदी पहुंचेंगे। दधिमती माता मंदिर पर युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष अंकुर गौतम के नेतृत्व में लोकसभा अध्यक्ष बिरला की अगवानी कर वाहन रैली के रूप में शहर में प्रवेश कराया जाएगा। बिरला के बूंदी पहुंचने पर बाईपास तिराए पर भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा बिरला का भव्य स्वागत किया जाएगा। उसके पश्चात बिरला को जुलूस के रूप में शहर के प्रमुख मार्गो में लाया जाएगा। जहां पर आमजन, व्यापारी, सामाजिक संगठन, सर्व समाज, गैर राजनीतिक संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता ओम बिरला का स्वागत करेंगे। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी बीलिया, युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष अंकुर गौतम, पूर्व पालिका अध्यक्ष भगवान लाडला, निरंजन जिंदल, पार्षद रामराज अजमेरा ने भी अपने विचार रखें। मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि इस दौरान पूर्व उपसभापति संतोष कटारा, शहर महामंत्री मोहन कराड सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 'सांगोद क्षेत्र के 24 स्कूलों में 69 कमरों का निर्माण होगा'

**कोटा,** (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की अनुशंसा पर सांगोद विधानसभा क्षेत्र में 24 माध्यमिक और प्राथमिक विद्यालयों में 9.75 करोड़ से अधिक की राशि के कार्य स्वीकृत हुए हैं। ऊर्जा मंत्री के निजी सहायक राजेंद्र नागर ने बताया कि इन स्कूलों में 69 कमरों के निर्माण, मरम्मत के अलावा पेयजल के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। राजस्थान परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा एवं आयुक्त स्कूल शिक्षा राजस्थान की ओर से कार्यो को लेकर निविदा भी जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि बालिका माध्यमिक स्कूल धुलेट में 16 लाख से अधिक की राशि से चार कमरों का निर्माण कार्य कराया जाएगा। साथ ही 29 लाख से अधिक की राशि से बालिका माध्यमिक विद्यालय दीगोद में, 41.34 लाख रुपए की राशि से बालिका माध्यमिक विद्यालय रेलगांव और बालिका माध्यमिक विद्यालय निमोदा हरिजी में कक्षा कक्षों का निर्माण कार्य होगा। माध्यमिक विद्यालय आमली झाड़ में 4 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से कक्षा कक्षों का निर्माण कार्य किया जाएगा। नालोदी में 44.62 लाख रुपए की लागत से 8 कमरों का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि माध्यमिक विद्यालय सांगोद में 53 लाख, माध्यमिक स्कूल खड़िया में 34.69 लाख, खजूरी में 9.93 लाख, झालरी में 29.33 लाख, किशनपुरा में 16.16 लाख, हींगी में 29. 33 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पोलाई कलां और चौमा मालियान में 16.16 लाख, रेलगांव में 29.33 लाख, कोटसुआं में 40.04 लाख, कंवरपुरा में 29.33 लाख, लोड़ाहेड़ा में 29.86 लाख रुपए की लागत से कक्षाकक्षों का निर्माण कराया जाएगा।

# छबड़ा में वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ

**छबड़ा** (निसं)। सीएलएफ रोशनी राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा गुरूवार को सीएलएफ मुख्यालय फलिया पर 'हरियालो गांव-हरियालो राजस्थान' के तहत एक पौधा मां के नाम थीम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. पवन मित्तल और बीपीएम राजीविका ओमप्रकाश द्वारा पौधरोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। यहां बीपीएम राजीविका ने बताया कि जिला कलैक्टर के निर्देशानुसार ब्लॉक में गठित क्लस्टर लेवल फेडरेशन पर 15-15 पौधे तथा ग्राम स्तर पर पांच-पांच पौधे लगाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसी क्रम में ब्लॉक में गठित चार क्लस्टर स्तरीय संगठन तथा 139 ग्राम संगठनों पर 675 पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर क्लस्टर मैनेजर लता पंकज, एरिया कोऑर्डिनेटर बनवारी लाल, मांगू सिंह, आरबीके सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।



**छबड़ा में 'हरियालो गांव-हरियालो राजस्थान' के तहत एक पौधा मां के नाम थीम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।**

# आर.टी.यू. का दीक्षांत समारोह कल

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा अपना 13वाँ दीक्षांत समारोह 6 जुलाई 2024 को विश्वविद्यालय परिसर कोटा में आयोजित करने जा रहा हैं।

इस समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र करेंगे तथा सम्माननीय अतिथि के रूप में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो.टी.जी. सीताराम शिकरत करेंगे। दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन के लिए कुलपति प्रो.एस. के.सिंह के निर्देशन में विभिन्न आयोजन समिति और उनके संयोजक नियुक्त किए गए है। कुलपति प्रो.एस.के. सिंह ने इस संबंध में समीक्षा बैठकों का आयोजन कर दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन के लिए संबंधित समिति आयोजको को विशेष दिशा-निर्देश प्रदान किए है एवं कुलपति के प्रभावी निर्देशन में 13वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। 13वें दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2022 एवं 2023 के उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों में पीएचडी की 47, एमटेक की 428, एमआर्क की 5, एमबीए की 1610, एमसीए की 896, बीटेक की 15073, बीआर्क की 197, बीएचएमसीटी 1, सहित कुल 18257 विद्यार्थियों को दीक्षा (डिग्रियां) प्रदान की जाएगी। जिसके अंतर्गत कुल 14116 छात्र एवं 4141 छात्राएं सम्मलित है।

13वें दीक्षांत समारोह के उपरांत विश्वविद्यालय के सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों को महाविद्यालय स्तर पर डिग्री वितरण समारोह आयोजित कर उपाधियों का वितरण करने के निर्देश दिए गए हैं। 13वें दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2022 का कुलाधिपति स्वर्ण पदक पोद्दार मेनेंजमेंट एंड टेक्निकल कैंपस, जयपुर की एमबीए पाठ्यक्रम की छात्रा नयाशी जैन एवं कुलपति स्वर्ण पदक आर्या इंस्टिटयूट ऑफ इंजिनियरिंग एडं टेक्नोलोजी, जयपुर की बीटेक पाठयक्रम की छात्रा दिव्यांशी यादव को प्रदान किया जाएगा। इस प्रकार वर्ष 2022 के कुलाधिपति एवं कुलपति स्वर्ण पदक छात्राओं को प्राप्त होंगे। 13वें दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2023 का कुलाधिपति स्वर्ण पदक एस एस जैन सुबोध पीजी कॉलेज, जयपुर की एमसीए पाठयक्रम की छात्रा नेहा सुराणा एवं कुलपति स्वर्ण पदक आर्या इंस्टिटयूट ऑफ इंजिनियरिंग एडं टेक्नोलोजी, जयपुर की बीटेक पाठयक्रम की छात्रा गजल लता को प्रदान किया जाएगा।

इस प्रकार वर्ष 2023 के कुलाधिपति एवं कुलपति स्वर्ण पदक छात्राओं को प्राप्त होंगे। 13वें दीक्षांत समारोह के दौरान स्वर्ण पदक की श्रेणी में वर्ष 2022 के विभिन्न पाठयक्रमों में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं में एमटेक के 8, एमआर्क के 1, एमबीए के 1, एमसीए के 1, बीटेक के 12, बीआर्क के 1 सहित कुल 24 विद्यार्थियों को स्वर्णपदक प्रदान किया जाएगा। जिसके अंतर्गत 13 छात्र एवं 11 छात्राएं सम्मिलित है। 13वें दीक्षांत समारोह के दौरान स्वर्ण पदक की श्रेणी में वर्ष 2023 के विभिन्न पाठयक्रमों में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं में एमटेक के 7, एमबीए के 1, एमसीए के 1, बीटेक के 10, बीआर्क के 1 सहित कुल 20 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। जिसके अंतर्गत 9 छात्र एवं 11 छात्राएं सम्मिलित है।

13वें दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2022 एवं 2023 के उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को विभिन्न पाठयक्रमों में अभियांत्रिकी संकाय के 35, प्रबंधन संकाय में 08 एवं कम्प्युटर एप्लीकेशन संकाय के 04 सहित कुल 47 विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्रियां प्रदान की जाएगी। जिसके अंतर्गत 34 छात्र एवं 13 छात्राएं सम्मिलित हैं।

## मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजा

**कोटा,** (निसं)। बूथ लेवल संघर्ष समिति (बी.एल.ओ.) राजस्थान ने कक्षा एक में प्रवेश की आयु 6 वर्ष करने विरोध में मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है।

प्रदेशाध्यक्ष एवं शिक्षक संघ रेस्टा के जिला संरक्षक गजराज सिंह मोठपुर ने बताया क्रि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिणामों की शुरुआत हो चुकी है, राजस्थान के क्रान्तिकारी शिक्षक अब आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार है। नई शिक्षा नीति में पहली कक्षा में बच्चों के प्रवेश की उम्र पाँच के स्थान पर छह वर्ष की गई है। ये फ़ैसला बहुत सोच समझ कर लिया गया है, इसका अर्थ ये नहीं निकाला जाना चाहिए कि मात्र पहली कक्षा के बच्चे की उम्र एक साल प्रवेश के लिए बढ़ा दी गई है। प्रदेशाध्यक्ष सिंह ने बताया कि इस फ़ैसले से प्रदेश के 62000 स्कूलों में इस सत्र में पहली कक्षा संचालित ही नहीं होगी। क्योंकि पिछले सत्र में पांच वर्ष के बच्चे का पहली कक्षा में प्रवेश हो चुका था, वह इस सत्र में 6 वर्ष की उम्र में दूसरी कक्षा में हो चुका है। इसलिए प्रदेश में इस वर्ष छह वर्ष का बच्चा बिना प्रवेश के मिलेगा ही नहीं। अभिभावक पाँच साल के अपने बच्चे को पहली कक्षा में प्रवेश के लिए स्कूल लेकर आएगा तो हम बड़ी विनम्रता और विवशता से ये कहेंगे कि आपके बच्चे का एडमिशन हमारे पास अगली साल होगा, इस बार हम नहीं कर सकेंगे। चूँकि कोई भी अभिभावक एक साल इंतज़ार नहीं करेगा।

इसलिए वह प्राइवेट स्कूल में ले जाकर अपने बच्चे का एडमिशन करवा देगा। परिणाम आपके सामने है, इस साल किसी स्कूल में पहली कक्षा संचालित ही नहीं होगी। अगले साल दूसरी उसके बाद तीसरी कक्षा हमारी स्कूलों में संचालित ही नहीं होगी। साथ ही जिस पाँच वर्ष के बच्चे ने प्राइवेट स्कूल में प्रवेश ले लिया, क्या वह वहाँ से अगले वर्ष सरकारी स्कूल में आकर पहली कक्षा में प्रवेश ले लेगा?

## 132 के.वी. ग्रिड सब स्टेशन खोलने की मांग

**छबड़ा** (निसं)। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने गुरूवार को राजस्थान विधान सभा में विशेष उल्लेख प्रस्ताव के जरिए ग्राम हरनावदाशाहजी में 132 केवी ग्रिड सब स्टेशन खोलने की मांग की।

उन्होंने कहा कि विधान सभा क्षेत्र छबड़ा के अंतर्गत वर्तमान में 132 केवी ग्रिड सब स्टेशन स्थापित है जो छीपाबड़ौद व निपानिया (छबड़ा) में संचालित है। क्षेत्र में ऊर्जा प्रसारण एवं वितरण की स्थिति अत्यंत दयनीय है। खेती करने के लिए किसानों को बिजली बेहद जरूरी है।

किसानों को फसलों में सिंचाई के लिए मुश्किल से छह घण्टे बिजली मिल पाती है। यदि किसानों को फसलों में सिंचाई के लिए समय पर बिजली नहीं मिलती है तो उनको बहुत नुकसान उठाना पड़ता है। सिंघवी ने कहा कि क्षेत्र कृषि पर आधारित है एवं फसल की सिंचाई हेतु निर्बाध बिजली आपूर्ति की व्यवस्था नहीं हो पाती है, जबकि यहां पर छबड़ा उच्च तापीय विद्युत गृह (2320 मेगावाट) संचालित है। इसके बाद भी विधानसभा क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था चरमराई हुई है।

■ फसल खराबे का मुआवजा जल्द दिया जाए : सिंघवी

किसानों को कृषि कार्य हेतु पर्याप्त मात्रा में समय पर बिजली नहीं मिलती है। लोड अधिक होने की वजह से बार-बार ट्रिपिंग होती है।

इसके अलावा बीलखेडा तथा कटीखण्डी (छबड़ा) में 33 केवी जीएसएस स्वीकृत है, किंतु काफी समय बीत जाने के बाद भी कार्य चालू नहीं हुआ है, इन जीएसएस को जल्द से जल्द चालू किया जाएं। सिंघवी ने तारांकित प्रश्न के जरिए विधान सभा क्षेत्र छबड़ा में विगत तीन वर्षो में अतिवृष्टि व प्राकृतिक प्रकोप से किसानों की फसलों में हुए नुकसान के मुआवजे को लेकर सवाल किया।

उन्होंने कहा कि विगत तीन वर्षों में बाढ़ व ओलावृष्टि से प्रभावित काश्तकारों का शेष बचा 31.37 करोड का भुगतान कब तक कर दिया जाएगा। जवाब में आपदा प्रबंधन एवं सहायता राज्य मंत्री ने छबडा व छीपाबडौद तहसील के मुआवजे का विवरण बताते हुए शेष रहे किसानों को शीघ्र मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिया।

# 'हरियालो म्हारो बारां' के तहत जागरुकता रैली निकाली

**छबड़ा** (निसं)। वृक्षारोपण कार्ययोजना की क्रियान्विति को लेकर राज्य सरकार की पहल पर गुरुवार हरियालो म्हारो-बारां के तहत ब्लॉक स्तरीय ओर पीईईओ स्तरीय पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सीबीईओ ओमप्रकाश गालव ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। जिसमें स्कूली विद्यार्थियों ने पौधरोपण के लिए आमजन को जागरूक किया।

संदर्भ व्यक्ति शंकरलाल नागर, कार्यवाहक प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश गुप्ता के अनुसार विद्यार्थियों द्वारा हाथों में वृक्षारोपण नारों की तख्तियों के साथ पौधरोपण प्रेरक नारे लगाते हुए रैली पीएमश्री स्कूल से आरंभ हुई, जो आजाद सर्किल, बालिका सीनियर स्कूल से होते हुए मामा होटल की गली, अहिंसा सर्किल, अस्पताल रोड, मुख्य मार्ग से होती हुई पुनः पीएमश्री स्कूल पहुंची। रैली में पीएमश्री राजकीय विद्यालय के साथ निजी विद्यालय जिनमें सरस्वती स्कूल, मां भारती पब्लिक स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक व बालिका स्कूल, न्यू टैगोर स्कूल, हैप्पी चिल्ड्रन स्कूल, भारतीय




**छबड़ा में पौधारोपण के लिए जागरुकता रैली निकाली।**

एकेडमी विद्यालय के स्टॉफ़ सहित लगभग 550 से अधिक निजी और राजकीय स्कूल के छात्र-छात्राओं ने वृक्षारोपण रैली में भाग लिया। जिसमें वर्षा ऋतु में मानसूनी वर्षात के साथ ही 27 और 28 जुलाई को पौधरोपण, वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया। रैली की अगुवा स्थानीय स्काउट व गाइड संघ सचिव घनश्याम भार्गव एवं भवानीशंकर गुप्त बालिका आदर्श विद्या मंदिर के गाइड ग्रुप द्वारा की गई। इस अवसर पर रैली प्रभारी शारीरिक शिक्षक व्याख्याता रामावतार मीणा, व्याख्याता अशोक कुमार भार्गव, बाबूलाल सुमन, सुभाष मीणा, चम्पालाल मीणा, नवल नागर, भानु प्रताप, रामचरण गुप्ता, बृजेश मीणा, सुंदरलाल पोसवाल, नरेश मेहता, महावीर शर्मा, हुकमचंद धाकड़, मोनिका मीणा, मोनिका शर्मा, सरिता गुप्ता, संतोष शर्मा, राफिया खानम आदि मौजूद रहे।



अर्शदीप सिंह को 4 दिवसीय क्रिकेट पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वह गेंद को दोनों तरफ घुमाते हैं। मुझे उम्मीद है कि उनके दिमाग में टेस्ट क्रिकेट होगा. क्योंकि आप टी20 में पैसा कमाएंगे और अगर आपको विरासत छोड़नी है तो आपको ऐसा करना होगा। -वसीम अकरम

पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर, अर्शदीप सिंह के बारे में कहा।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी




### डी. गुकेश

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में शीर्ष पर चल रहे अमेरिका के फाबियानो करुआना को बराबरी पर रोका। एक बार फिर दिन की सभी बाजियां ड्रॉ रही। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ अंक बांटे। अंतिम स्थान पर चल रहे रोमानिया के डिएक बोगडेन-डेनियल ने फिरोजा के साथ ड्रॉ खेला जबकि गिरी ने वाचियेर-लाग्रेव के साथ बाजी ड्रॉ की। शीर्ष वरीय करुआना दो जीत और पांच ड्रॉ से 4.5 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्वकप फुटबाल में पहली हैट्रिक करने का श्रेय फीफा अमेरिका के ब्रेट्रेम को जाता है, वहीं कुछ लोग अर्जेंटीना के गुलिरेमा स्टे विल को यह सम्मान देते है।

# स्वदेश लौटने पर विश्व विजेताओं का भव्य स्वागत

## पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से मुलाकात की, पीएम भी बनें टी-20 विश्व जीतने वाली टीम का हिस्सा, भेंट में मिली 'नमो 1' की खास जर्सी



### मुंबई में चैम्पियंस का विजय जुलूस, मरीन ड्राइव पर जनसैलाब, वानखेड़े स्टेडियम में सम्मान किया

मुंबई, 4 जुलाई। टी-20 विश्व कप 2024 में चैंपियन बनने के बाद टीम इंडिया का जबरदस्त तरीके से देश में स्वागत हुआ है। आज सुबह दिल्ली में वापस आने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का जबरदस्त स्वागत नई दिल्ली में हुआ। इसके बाद खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। अब खिलाड़ी मुंबई में हैं। मुंबई में भी खिलाड़ियों का जबरदस्त तरीके से स्वागत किया गया। मुंबई में मरीन ड्राइव पर विजय जुलूस निकाला गया।



इसमें हजारों फैंस जबरदस्त तरीके से शामिल रहे। विश्व विजेता खिलाड़ी बस पर खड़े थे और लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। साथ ही साथ वह लोगों को विश्व कप के ट्रॉफी दिखा रहे थे और हाथों में तिरंगा लहरा रहे थे। खिलाड़ी पूरी तरीके से उत्साह में थे, उमंग में थे और लोगों के साथ खुद भी झूम रहे थे।

क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात की है। टी20 विश्व विजेता टीम बनने के बाद भारतीय टीम ने दिल्ली में लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। इस दौरानभारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके आवास पर जाकर नमो 1 जर्सी भेंट की। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर रोजर बिन्नी और जय शाह की पीएम मोदी को भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी भेंट करते हुए एक तस्वीर साझा की, जिसके साथ कैप्शन में लिखा है, ''विजयी भारतीय क्रिकेट टीम ने आज आगमन पर भारत के माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदीजी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। सर, हम आपके प्रेरक शब्दों को प्रदान किए गए अमूल्य समर्थन के लिए आपका हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। जय हिंद।'' इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में विश्व कप विजेता टीम के साथ बातचीत भी की थी। उन्होंने इस बैठक के दौरान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों के साथ बातचीत की। टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम राष्ट्रीय राजधानी पहुंची, जहां प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, जो अपने पसंदीदा खिलाड़ियों और ट्रॉफी की एक झलक पाने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

वानखेड़े स्टेडियम विश्व विजेताओं के सम्मान में बड़ा कार्यक्रम रखा गया है। जय शाह पहले ही 125 करोड़ रुपए इनाम की घोषणा कर दी है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह भी मौजूद रहे। साथ ही साथ बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी साथ रहे। मरीन ड्राइव पर विक्ट्री परेड में सुरक्षा व्यवस्था भी मजबत रखी गई है। खुद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। लोगों का जबरदस्त हुजुम हैं, जैनसैलाब पूरी तरीके से उमड़ा हुआ है। वानखेड़े स्टेडियम में भी जबरदस्त जन सैलाब है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई पुलिस आयुक्त को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि मरीन ड्राइव और वानखेड़े स्टेडियम में एकत्र हुए भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के लिए यातायात का कोई कुप्रबंधन या असुविधा न हो। सीएम द्वारा पुलिस को आज मरीन ड्राइव और उसके आसपास उचित भीड़ और यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम बृहस्पतिवार को विशेष विमान से स्वदेश लौट आई। लगातार बूंदाबादी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया जिसके बाद टीम के सदस्यों ने नाश्ते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

# आडवाणी का एशियाई बिलियर्ड्स में जीत का क्रम जारी, सिद्धार्थ को 4-2 से हराया

नयी दिल्ली, 4 जुलाई। भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिद्धार्थ पारिख को 4-2 से हराकर एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक की ओर कदम बढ़ाए। मैच में पारिख ने शानदार शुरुआत करते हुए पहला फ्रेम 101-38 से जीता। दूसरे फ्रेम में कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन पारिख ने 100-99 से आडवाणी को हराकर 2-0 की बढ़त बनाई। आडवाणी ने दो फ्रेम से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए



तीसरा फ्रेम 101-0 से जीता। चौथे फ्रेम में पारिख 95 के ब्रेक के बावजूद आडवाणी को 101-95 से जीतने से नहीं रोक पाए। आडवाणी पांचवें फ्रेम में हावी रहे और 87 के ब्रेक के साथ 104-2 की जीत से 3-2 की बढ़त बनाने में सफल रहे। छठे फ्रेम में पारिख ने 95 का शानदार ब्रेक बनाया लेकिन इसके बावजूद 95-102 के स्कोर से फ्रेम और मैच गंवा दिया। आडवाणी ने कहा, ''लय बनाए रखना अच्छा है। सिद्धार्थ मजबूत प्रतिद्वंद्वी है। खेल की अप्रत्याशित प्रकृति को देखते हुए यह एक रोमांचक मैच था। जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ता है, ध्यान केंद्रित रखना महत्वपूर्ण होता है।

## डोप जांच में विफल रही 400 मी. धाविका दीपांशी, नाडा ने निलंबित किया

नयी दिल्ली, 4 जुलाई। नाडा ने हाल में राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाली भारत की शीर्ष महिला 400 मीटर धाविका दीपांशी को डोप जांच में विफल होने के कारण निलंबित किया। दीपांशी (21 साल) ने शुक्रवार को पंचकुला में महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में किरण पहल (50.92 सेकेंड) के बाद 52.01 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया था। टूर्नामेंट के दौरान लिये गये डोप नमूने में 'एनाबोलिक स्टेरायड' मिला है। ये नमूने 27 जून को (हीट रेस के बाद या सेमीफाइनल में) लिये गये। राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैम्पियनशिप (27 से 30 जून) में यह पहला डोप पॉजिटिव मामला सामने आया है जो पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी था। दीपांशी राष्ट्रीय शिविर में ट्रेनिंग नहीं करतीं।

# बाबर आजम की कप्तानी पर लटकी तलवार

## पीसीबी ने गैरी कर्स्टन और पूर्व खिलाड़ियों पर छोड़ा फैसला

कराची, 4 जुलाई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने गुरुवार को कहा कि कप्तान के तौर पर बाबर आजम के भविष्य पर अभी कोई फैसला नहीं किया गया है और मुख्य कोच गैरी कर्स्टन तथा पूर्व खिलाड़ियों के साथ सलाह मश्विरे के बाद ही आगे फैसला लिया जायेगा। नकवी ने कहा कि वह कर्स्टन और सहायक कोच अजहर महमूद से यहां जल्द ही मुलाकात करेंगे और राष्ट्रीय टीम के टी20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन पर चर्चा करेंगे।उन्होंने कहा कि वह जल्दबाजी में कोई भी फैसला नहीं करेंगे। नकवी ने टी20 विश्व कप में सुपर आठ चरण से पाकिस्तान के बाहर होने के बाद टीम की आलोचना की थी और कहा कि थी इसमें काफी बदलाव की जरूरत है। उन्होंने यहां मीडिया से कहा, ''मैंने कर्स्टन और महमूद से यहां आने के लिए कहा



है क्योंकि मैं उनसे आमने सामने बात करना चाहता हूं। कर्स्टन ने टीम पर एक विस्तृत रिपोर्ट दी है जिससे हमें भविष्य के बारे में फैसला लेने में काफी मदद मिलेगी। अभी तक बाबर आजम के संबंध में कोई फैसला नहीं लिया गया है।

# रुद्राक्ष पाटिल, जिन्होंने महज 20 साल की उम्र में कर लिया ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई

नई दिल्ली, 4 जुलाई। देश के उभरते सितारे निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल ने सिर्फ 20 साल की छोटी से उम्र में ही पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई करके इतिहास रच दिया है। पाटिल ने काहिरा में आयोजित शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया था।

उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। रुद्रांक्ष पाटिल महान शूटर अभिनव बिंद्रा के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय निशानेबाज बन गए हैं। इस जीत के साथ ही रुद्रांक्ष पाटिल ने पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भी अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। 16 दिसंबर 2003 को महाराष्ट्र के ठाणे में जन्मे रुद्राक्ष शूटिंग की दुनिया



में धूम मचा रहे हैं। उनके कोच अजीत पाटिल ने उनके विकास में अहम भूमिका निभाई है।

रुद्राक्ष के माता-पिता बालासाहेब पाटिल और हेमांगिनी पाटिल ही शूटिंग में उनकी रुचि के पीछे शुरुआती प्रेरक शक्ति थे। अपने पूरे करियर के दौरान, रुद्राक्ष ने 7 स्वर्ण पदक, 1 रजत और 2 कांस्य सहित कई प्रभावशाली पदक जीते हैं। रुद्रांक्ष की शूटिंग में यात्रा की शुरुआत तब हुई जब उन्होंने पहले शतरंज और फुटबॉल में अपनी किस्मत आजमाई थी। प्रारंभ में, उन्होंने शूटिंग में घंटों तक स्थिर खड़े रहने के विचार को उबाऊ पाया।

## इंग्लैंड की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराया, सीरीज भी जीती

ब्रिस्टल, 4 जुलाई। लॉरेन बेल (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी उसके बाद नैट साइवर-ब्रंट नाबाद (76) और एमी जोन्स (50) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने वर्षा बाधित तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली है। 212 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड ने शुरुआत अच्छी नहीं रही एक समय 33 के स्कोर पर उसने अपने तीन विकेट गवां दिये थे। टैमी ब्यूमोंट (शून्य), कप्तान हीथर नाइट (9) और मैया बाउचिर (19) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद नैट साइवर ब्रंट ने सोफिया डंकली के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान सोफिया डंकली (15) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद एमी जोन्स और नैट साइवर ब्रंट के साथ पांचवें विकेट के लिए 90 रनों की साझेदारी कर टीम को जीत की ओर अग्रसर किया।

## बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी पुहंची विंबलडन के अगले दौर में

लंदन, 4 जुलाई। भारत के दिग्गज खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल मुकाबले में नीदरलैंड के रोबिन हास और सैंडर एरेंड्स की जोड़ी को हराकर दूसरे दौर में पहुंच गये है। बुधवार को बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने एक घंटे 11 मिनट तक चले वर्षा बाधित पहले दौर के मुकाबले में नीदरलैंड की जोड़ी को 7-5, 6-4 से हराकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी तीसरे दौर में हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्सटेंटिन फ्रेंटजन की जर्मनी की जोड़ी से मुकाबला करेगी। इससे पहले दिन के एक अन्य मैच में भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल और सार्बिया डुसान लाजोविच की जोड़ी को विम्बलडन टेनिस में पुरुष युगल स्पर्धा के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा था।

# क्वार्टरफाइनल मुकाबले हुए तय, पुर्तगाल का होगा फ्रांस की टीम से सामना

## नीदरलैंड ने रोमानिया को 3-0 से हराया

नई दिल्ली, 4 जुलाई। नीदरलैंड्स की टीम ने यूरो कप 2024 के राउंड ऑफ 16 में रोमानिया की टीम को 3-0 से हराने के साथ क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया। अब नीदरलैंड टीम का क्वार्टर फाइनल में सामना टर्की की टीम से होगा। यूरो कप में सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए होने वाले इस राउंड के मैचों की शुरुआत 5 जुलाई से होगी। वहीं इस बार यूरो कप की मेजबानी कर रही जर्मनी टीम का सामना यूरो कप में स्पेन की टीम से होगा। इस बार दूसरा क्वार्टर फाइनल काफी रोमांचक होने वाला है जिसमें क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल की



टीम एमबापे की फ्रांस से खेलेगी जिसमें ये मैच 5 जुलाई को खेला जाएगा। पुर्तगाल की टीम को राउंड ऑफ 16 में स्लोवेनिया की टीम से जीत हासिल करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा था।

यूरो कप 2024 में क्वार्टर फाइनल का शेड्यूल इस प्रकार है। पहला क्वार्टर फाइनल स्पेन बनाम जर्मनी - 5 जुलाई 2024, भारतीय समयानुसार रात 9:30 पर, दूसरा क्वार्टर फाइनल पुर्तगाल बनाम फ्रांस - 6 जुलाई 2024, भारतीय समयानुसार देर रात 12:30 पर, तीसरा क्वार्टर फाइनल इंग्लैंड बनाम स्विट्जरलैंड - 6 जुलाई 2024, भारतीय समयानुसार रात 9:30 पर, चौथा क्वार्टर फाइनल नीदरलैंड बनाम टर्की - 7 जुलाई 2024, भारतीय समयानुसार देर रात 12:30 पर होगा।

## विंबलडन में गॉफ, अल्कराज और मेदवेदेव अगले दौर में पहुंचे, ओसाका हारी

लंदन, 4 जुलाई। विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के बुधवार को हुये पुरुष और महिला वर्ग में कोको गॉफ, कार्लोस अल्कराज और डेनिल मेदवेदेव जहां अपने-अपने मुकाबले जीत कर अगले दौर में पहुंच गये, वहीं नाओमी ओसाको को हार का सामना करना पड़ा है। अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने कल रोमानिया की एंका टोडोनी पर सीधे सेट में आसान जीत के साथ टूर्नामेंट के महिला एकल मुकाबले के अगले दौर में जगह बना ली है। दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की गॉफ ने रोमानिया की एंका को 6-2, 6-1 से हराया। महिला एकल के अन्य मुकाबलो में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को दूसरे दौर में 19वें नंबर की ऐमा नवारो ने 6-4, 6-1 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इसके अलावा बीट्रिज हदाद मेइया ने भी मैग्डेलेना फ्रेच को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। दूसरी तरफ पुरुष एकल में गत चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने एलेक्जेंडर वुकिक को तीनों सेटों में 7-6, 6-2, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गये है। अगले दौरान में अल्कराज का मुकाबला 29वें वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो से होगा। एक अन्य मुकाबले में पांचवी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को भी सेंटर कोर्ट पर कठिन शुरुआत मिली। उन्हें एलेक्जेंडर मुलर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन मेदवेदेव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 6-7(3) 7-6(4) 6-4 7-5 से जीत दर्ज की। पुरुष एकल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर ने अपने हमवतन माटेओ बेरेटिनी को कड़े मुकाबले में 7-6, 7-6, 2-6, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

# कुश्ती के हैवीवेट वर्ग में इतिहास रचने वाली रीतिका हुड्डा का लक्ष्य पेरिस में स्वर्ण जीतना



नई दिल्ली, 4 जुलाई। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करके इतिहास रचने वाली पहलवान रीतिका हुड्डा अपना दमखम दिखाने के लिए तैयार हो चुकी हैं। क्योंकि 22 साल की उम्र में रीतिका हेवीवेट (76 किग्रा) वर्ग में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। हरियाणा की यह पहलवान अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला भी थीं, यह उपलब्धि उन्होंने पिछले साल अल्बानिया में हासिल की थी। लेकिन वह इससे भी अधिक चाहती हैं, शायद पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना चाहती हैं। वह किसी भी तरह की चोट से बचने की कोशिश कर रही हैं और भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए वैश्विक मंच पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं।

3 वर्षीय रीतिका हुड्डा, जिसने अपनी कुश्ती यात्रा शुरू की थी, ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वह ओलंपिक में पहुँच पाएगी। शुरू में, हुड्डा का ध्यान केवल राज्य और राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीत हासिल करने पर था। हालाँकि, जैसे-जैसे समय बीतता गया और वह अपने खेल में बेहतर होती गई, उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने, अपने देश के लिए खेलने के लिए विमान में उड़ान भरने और अपनी भारतीय जर्सी पहनकर गर्व से कुश्ती के मैदान में उतरने का सपना देखा। हुड्डा स्कूल में हमेशा खेलों में अव्वल रहीं और बाद में उन्हें राष्ट्रीय खेलों के लिए चुना गया। उनके पिता ने उनकी क्षमता को पहचाना और उन्हें व्यक्तिगत खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# वानखेड़े में हार्दिक-हार्दिक के नारे, कुछ महीने पहले इसी मैदान पर हुई थी हूटिंग

वानखेड़े,4 जुलाई। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम के हीरो रहे स्टार ऑलराउंर हार्दिक पंड्या के लिए पिछले कई महीने उतार-चढ़ाव के रहे। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बीच में ही चोटिल होने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होना और फिर आईपीएल 2024 में वापसी हार्दिक पंड्या के लिए आसान नहीं रही। इसके बाद आईपीएल 2024 में हार्दिक पंड्या को रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस की कप्तानी मिलना और फैंस का लागातार उनके खिलाफ हूटिंग और उन्हें ट्रोल करना जारी रहा। फैंस आईपीएल 2024 में हार्दिक पंड्या से काफी नाराज थे जिस कारण देश का कोई भी मैदान अछूता नहीं रहा जहां हार्दिक पंड्या को लेकर हूटिंग नहीं हुई। वहीं मुंबई इंडियंस के होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में भी हार्दिक को फैंस की नाराजगी झेलनी पड़ी।




लेकिन दो महीने बाद वक्त बदला, हालात भी बदले और वही फैंस आज वानखेड़े स्टेडियम में हार्दिक-हार्दिक के नाम के नारे लगा रहे हैं। टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को स्पेश चार्टर विमान से स्वदेश लौट आई है। जिसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच टीम इंडिया पहले पीएम मोदी से दिल्ली में उनके आवास पर मिली और साथ ही ब्रेकफास्ट भी किया। उसके बाद भारतीय टीम मुंबई के लिए निकल गई और अब मुंबई पहुंच भी गई है। इसके साथ ही खुली बस में विजय परेड होगी और फिर वानखेड़े स्टेडियम में सम्मान समारोह होगा। मुबंई में परेड शुरू होने से पहले हार्दिक-हार्दिक की आवाज से स्टेडियम गूंज उठा है। कुछ महीने पहले ही इसी जगह पर हार्दिक को हूटिंग का सामना करना पड़ा था। लेकिन अब वक्त बदल गया है और फैंस अपने चहेते खिलाड़ी के दीदार के लिए बारिश में भी खड़े हुए हैं।

# प्रि्रयांशु, अनुपमा, तान्या और रोहन कनाडा ओपन में दूसरे राउंड में

कैलगरी, 4 जुलाई। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने कनाडा ओपन में पुरुष और महिला वर्ग में प्रियांशु राजावत, अनुपमा उपाध्याय, तान्या हेमंत और रोहन कपूर ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर दूसरे रांउड में जगह बनाई। बुधवार को कैलगरी के मार्किन-मैकफेल सेंटर में खेले गये मुकाबले में प्रियांशु राजावत ने कनाडा ओपन 2024 पुरुष एकल स्पर्धा के पहले राउंड में डेनमार्क के रासमस गेम्के को हराकर दूसरे राउंड में पहुंचा। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज राजावत को पहले गेम में हार के बाद वापसी करते हुए डेनिश शटलर के खिलाफ शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए एक घंटे और 10 मिनट तक चले मैच को 17-21, 21-16, 21-14 से जीत लिया।

राजावत गुरुवार को बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 इवेंट के दूसरे राउंड में 33वें स्थान पर मौजूद जापान के ताकुमा ओबायाशी से मुकाबला करेंगे। भारतीय महिला एकल बैडमिंटन खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय और तान्या हेमंत के साथ-साथ रोहन कपूर और रूथविका गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ी भी बुधवार को जीत के साथ दूसरे राउंड में जगह बनाने में कामयाब रही। दुनिया के 46वें नंबर के उपाध्याय ने 67वीं रैंकिंग के आयरलैंड के खिलाड़ी राचेल दर्राघ को 21-11, 21-11 से हराया। अब वह राउंड ऑफ 16 में कनाडा की विश्व नंबर 36 मिशेल ली से मुकाबला करेगी।



*मुख्यमंत्री कार्यालय में केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की।*

# बंगाल के राज्यपाल के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुँचा

## राजभवन की एक महिला कर्मचारी ने राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये हैं

नई दिल्ली, 4 जुलाई (वार्ता)। पश्चिम बंगाल राजभवन की एक महिला कर्मचारी ने वहां के राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अपनी याचिका में महिला दावा किया कि राज्यपाल को दी गई संवैधानिक प्रतिरक्षा के कारण वह उपचारविहीन हो गई है। याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से गुहार लगाई है कि यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने के लिए वह पश्चिम बंगाल पुलिस को आवश्यक निर्देश दे। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत संवैधानिक व्यक्ति को प्राप्त प्रतिरक्षा की सीमा तक दिशानिर्देश और योग्यता निर्धारित करने का भी अनुरोध किया गया है।

संविधान के अनुच्छेद 361 (2) में कहा गया है कि राष्ट्रपति या किसी राज्य के राज्यपाल के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत में कोई आपराधिक कार्यवाही न तो शुरू की जा सकती या जारी नहीं रखी जा सकती है।

- **अपनी याचिका में महिला ने दावा किया कि राज्यपाल को दी गई संवैधानिक प्रतिरक्षा के कारण वह असहाय हो गई है। याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से गुहार लगाई है कि, यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने के लिए वह बंगाल पुलिस को आवश्यक निर्देश दे।**

याचिका में उक्त प्रावधान का हवाला देते हुए दलील दी गई है कि ऐसी शक्तियों को पूर्ण नहीं समझा जा सकता, जिससे राज्यपाल को ऐसे कार्य करने का अधिकार मिल जाए जो अवैध हों या जो संविधान के भाग तीन की बुनियाद पर प्रहार करते हैं।

याचिका के अनुसार, याचिकाकर्ता ने अपनी शिकायतों को उजागर करते हुए राजभवन को एक शिकायत भी लिखी थी, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा कथित निष्क्रियता बरतते हुए उसे अपमानित किया गया और मीडिया में उसका मजाक उड़ाया गया। उसे राजनीतिक हथियार बताया गया, जबकि उसके आत्मसम्मान की कोई सुरक्षा नहीं की गई।

याचिकाकर्ता ने यह भी तर्क दिया कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं और संवैधानिक छूट की आड़ में राज्यपाल को किसी भी तरह से अनुचित तरीके से कार्य करने और लैंगिक हिंसा करने की अनुमति नहीं है, जबकि देश के हर दूसरे नागरिक को ऐसा करने से प्रतिबंधित किया गया है।

शिकायतकर्ता महिला ने याचिका में कहा है कहा कि यह (विशेष अधिकार) सीधे तौर पर संविधान के तहत उसके साथ ही (याचिकाकर्ता) सहित प्रत्येक व्यक्ति को दिए गए मौलिक अधिकारों पर हमला करता है।

याचिका में कहा गया, इस मामले में पीड़िता (याचिकाकर्ता) को झूठा बनाना, जबकि यह सुनिश्चित करना कि आरोपी/माननीय राज्यपाल खुद बेदाग हैं। सत्ता का ऐसा अनियंत्रित प्रयोग एक गलत मिसाल कायम करेगा, जिससे यौन पीड़ितों को कोई राहत नहीं मिलेगी। यह संवैधानिक लक्ष्य का पूर्ण उल्लंघन होगा।

याचिकाकर्ता ने दो मई 2024 को संबोधित प्रभारी अधिकारी को एक लिखित शिकायत दी, जिसमें राज्यपाल पर बेहतर नौकरी देने के बहाने उसका यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया।

# डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया

## इस्तीफे की घोषणा के साथ डॉ. किरोड़ी ने एक्स पर लिखा ''रघुकुल रीत सदा चली आई प्राण जाई पर वचन ना जाई''

जयपुर, 4 जुलाई। राजस्थान की भजनलाल सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने गुरुवार सरकार के सभी सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। राजस्थान में लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों के बाद से ही डॉ. किरोड़ी लाल के इस्तीफे की अटकलें चल रही थी। पूर्वी राजस्थान की सीटों पर हार की जिम्मेदारी लेते हुए किरोड़ी लाल मीणा ने इस्तीफा दिया है। मंत्री किरोड़ी लाल लोकसभा चुनाव परिणाम आने के साथ ही सरकारी सुविधाएं छोड़ दी थी।

बता दें कि किरोड़ी मीणा सोशल मीडिया सहित कई मंचों पर इस्तीफा देने के संकेत दे रहे थे। अब उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मंत्री पद से त्यागपत्र भेज दिया। इस्तीफा देने के साथ ही डॉ. किरोड़ी ने सुबह 10:50 पर अपनी सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक रामचरितमानस चौपाई पोस्ट की ''रघुकुल रीति सदा चलि आई। प्राण जाई पर बचन न जाई।।''

इससे पहले भी वो इन्हीं पंक्तियों के जरिए अपने इस्तीफे के संकेत दे चुके थे।

किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि मैंने 5 जून को अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री को भेज दिया था। उसके बाद 25 जून को मैंने मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें अपना इस्तीफा सौपा था। लेकिन उन्होंने इस्तीफे को पूरी तरह से ठुकरा दिया। जिसके बाद मैंने उन्हें इस्तीफा मेल कर दिया है और इसकी घोषणा आज कर दी है। उन्होंने कहा- ''मुझे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस्तीफा देने से मना किया था, लेकिन मैं मंत्री पद से इस्तीफा दे चुका हूं।''

- **किरोड़ी ने बताया कि, उन्होंने 5 जून को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को इस्तीफा भेज दिया था और 25 जून को व्यक्तिशः मुलाकात कर इस्तीफा दिया, जिसे मुख्यमंत्री ने अस्वीकार कर दिया था**
- **डॉ. किरोड़ी ने कहा कि, अपने क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को नहीं जिता पाने पर मैंने इस्तीफा देने का प्रण लिया था। इसलिए मैं इस्तीफा दे रहा हूं। मुझे पार्टी संगठन एवं सरकार से कोई शिकायत नहीं है।**
- **डॉ. किरोड़ी ने इस्तीफा मेल करने के बाद पुरी के पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के प्राकट्योत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की और मंच से इस्तीफा देने की सार्वजनिक घोषणा की।**

मीणा ने कहा जैसा कि आप लोग जानते हो की अथक परिश्रम के बाद भी मैं अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में पार्टी को जिता नहीं सका। मैंने चुनाव के दौरान घोषणा कर दी थी। उस घोषणा को मैंने पूरा किया है। उन्होंने कहा कि दिन रात मैंने जनता के लिए संघर्ष किया। ना दिन देखा ना रात। लेकिन जनता ने मेरी नहीं मानी। मुझे निराश किया। इसलिए मैंने अंतरात्मा की आवाज पर पद छोड़ दिया।

उन्होंने कहा मेरी मुख्यमंत्री से कोई शिकायत नहीं है ना ही कोई संगठन से शिकायत है। ना ही कोई अपेक्षा है और ना ही मुझे कोई पद चाहिए। ईमानदारी से कह रहा हूं, मैं अपनी पार्टी को नहीं जिता सका। मेरी यह असफलता हैं और उसी असफलता के कारण मैंने इस्तीफा दिया है। डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि जब मैं सरकार था। तब मैंने आर.ए.एस. भर्ती परीक्षा को स्थगित करने की मांग की थी। वह परीक्षा स्थगित कर दी गई। हॉर्टिकल्चर की जमीन कौड़ियों के भाव में अलवर में बेच दी थी। मैंने सरकार का ध्यान आकर्षण किया। तो वह बिक्री निरस्त हो गई। जल जीवन मिशन के घोटाले की सी.बी.आई. जांच की मांग मैने सरकार से की थी। सरकार ने सी.बी.आई. को जांच दे दी। सरकार में था तब भी जनता के मुद्दों को मजबूती से रखने का काम किया। आगे भी यह चलता रहेगा।

किरोड़ी लाल मीणा के भतीजे और दौसा की महुवा सीट से विधायक राजेंद्र मीणा ने भी जून में मीडिया से बातचीत में साफ तौर पर कहा था कि किरोड़ी जल्द अपने मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले हैं।

इस्तीफा देने के बाद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने गुरुवार को जयपुर में एक धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की और मंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। इसी कार्यक्रम में मंच से अपने संबोधन में डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने आज के राजनीतिक हालात पर चिंता जाहिर की। डॉ. किरोड़ी गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के प्राकट्चयोत्सव पर आयोजित राष्ट्रोत्कर्ष दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि रेल हादसे में कई लोगों की जान जाने पर उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए रेलमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसी उच्च आदर्शों वाली राजनीति की आज आवश्यकता है।

# इस्तीफे का तात्कालिक कारण?

जयपुर, 4 जुलाई। डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा देने की सार्वजनिक घोषणा गुरुवार को सुबह की लेकिन सरकार ने बुधवार रात को ही विधानसभा में जवाब देने के लिए दो मंत्रियों के बीच उनके विभागों का बंटवारा कर दिया।

जानकारी के अनुसार, डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कृषि मंत्री के पद से 5 जून को ही मुख्यमंत्री को इस्तीफा भेज दिया था और 25 जून को उन्होंने खुद मिलकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को इस्तीफा सौंपा था।

हालांकि मुख्यमंत्री ने इस्तीफा स्वीकार नहीं किया था। लेकिन विधानसभा के बजट सत्र के दौरान उनके विभागों से सम्बंधित सवालों के जवाब देने के लिए सरकार ने बुधवार रात दो अन्य मंत्रियों को विभागों की जिम्मेवारी सौंप दी तथा इसके आदेश भी जारी कर दिए थे।

- **बताया जाता है कि, विधानसभा में डॉ. किरोड़ी के विभागों से संबंधित सवालों का जवाब देन के लिए राज्य सरकार ने उनके विभागों को दो मंत्रियों में बांट दिया था, इसलिए किरोड़ी ने आनन-फानन में इस्तीफे की अधिकृत घोषणा कर दी।**

सूत्रों का कहना है कि शायद इसी कारण से डॉ. किरोड़ी ने गुरुवार सुबह इस्तीफा मेल कर दिया और सोशल मीडिया पर भी इसकी जानकारी दे दी।

सरकारी सूचना के अनुसार आपदा प्रबंधन राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ग्रामीण विकास विभाग, आपदा प्रबंधन, सहायता और नागरिक सुरक्षा विभाग के सवालों का जवाब देंगे और राज्य मंत्री के.के. विश्नोई कृषि विभाग, जन अभियोग निराकरण विभाग और उद्यान विभाग के सवालों का जवाब देने के लिए अधिकृत होंगे।

# कोटा में एक और छात्र ने आत्महत्या की

कोटा, 4 जुलाई (निसं)। देशभर से मेडिकल और इंजीनियरिंग एंट्रेंस की कोचिंग करने आने वाले स्टूडेंट्स के सुसाइड के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। गुरूवार को एक और कोचिंग छात्र ने आत्महत्या कर ली। मृतक संदीप बिहार के नालंदा का रहने वाला था और जे.ई.ई. की तैयारी कर रहा था। संदीप का भाई भी कोटा में रहकर नीट (यू.जी.) की तैयारी कर रहा है।

संदीप महावीर नगर थर्ड इलाके में एक मकान में बतौर पी.जी. रहता था। आत्महत्या की सूचना भी उसके सामने वाले रूम में रहने वाले छात्र ने मकान मालिक को दी थी। क्योंकि उसके कमरे की लाइट जल रही थी और वह फंदे से लटका हुआ नजर आया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसके शव को फंदे से उतारकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। महावीर नगर थाना अधिकारी महेंद्र मारू का कहना है कि मृतक बिहार के नालंदा का निवासी है। वह बीते एक साल से कोटा में रहकर जे.ई.ई. की तैयारी कर रहा था। इसका भाई भी कोटा में रहकर ही नीट यू.जी. की तैयारी कर रहा है। दोनों भाई एक ही कोचिंग संस्थान में पढ़ते हैं लेकिन संस्थान की बिल्डिंग अलग-अलग है। इसलिए उसका भाई दादाबाड़ी में रहता है। वह भी सूचना मिलने पर संदीप के पीजी में पहुंच गया था।

यह इस वर्ष का ग्यारहवां सुसाइड केस है। सुसाइड की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन ने सभी हॉस्टल और पीजी में पंखों में एंटी सुसाइड रॉड (हैंगिंग डिवाइस) लगाने के निर्देश दिए हैं लेकिन अधिकांश पी.जी. में ऐसी रॉड नहीं है इस पी.जी. में भी नहीं है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे महावीर नगर थाने के सब इंस्पेक्टर कमल किशोर का कहना है कि करीब पांच साल पहले मृतक छात्र के माता-पिता की मृत्यु हो गई थी। दोनों भाइयों को उनके चाचा ही पढ़ा रहे थे और वह रेलवे में नौकरी करते हैं। उन्होंने मृत्यु की सूचना मिलने पर आने में असमर्थता जताई। उन्होंने सहमति दी कि मृतक के भाई की उपस्थिति में ही उसका पोस्टमार्टम करवा दिया जाए। ऐसे में उसके शव को पोस्टमार्टम करवा कर उसके भाई को सौंप दिया गया। मकान मालिक ने बताया कि रात को करीब 9.30 बजे वह मैस से खाना खाकर आया था। इस दौरान उससे बात हुई थी। वह अपने कमरे में चला गया था। यह बात भी सामने आई है कि एक दिन पहले ही बुधवार को उसके चाचा ने उसके खाते में पैसे भी डलवाए थे। घटनाक्रम में सामने आया है कि छात्र देर रात 12 बजे तक पढ़ाई कर रहा था। मौके पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। इसलिए सुसाइड के कारणों का पता नहीं चल पा रहा है। यह भी पता चला है कि संदीप नियमित रुप से कोचिंग संस्थान भी नहीं जाता था और अक्सर छुट्टी करता था।

- **मृतक छात्र संदीप, बिहार के नालंदा से यहां जे.ई.ई. की तैयारी करने आया था। अब तक कोटा में विद्यार्थियों द्वारा सुसाइड की 11 घटनाएं हो चुकी हैं।**

## आवंटित ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में बिल्डर से 40 लाख रुपए में विक्रय पत्र के जरिए एक फ्लैट खरीदा। बिल्डर ने उसे चौपहिया वाहन की पार्किंग पीपी 601 आवंटित की। वह नियमित तौर पर पार्किंग की जगह का उपयोग करता रहा। लेकिन बिल्डर ने उसे आवंटित की गई कार पार्किंग की जगह में से कुछ जगह अन्य फ्लैट मालिक को बेच दी। परिवादी ने कहा कि उसने बिल्डर से अपनी पार्किंग से अन्य वाहन हटवाने का आग्रह किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए उसे विक्रय पत्र के अनुसार समान नाप व पैमाइश की जगह ही पार्किंग के लिए मुहैया कराई जाए।

## राहुल गांधी ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

समस्याएं सुनीं। ये मेहनती मजदूर हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इनके जीवन को सरल और भविष्य को सुरक्षित करना हमारी जिम्मेदारी है।

## केजरीवाल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वाई चंद्रचूड़ को लिखे लेटर में वकीलों ने कहा है कि केजरीवाल की जमानत अर्जी पर जज फैसला लेने में देरी कर रहे हैं।

## मुकेश ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

टर्न'' अनुग्रह किया है, सिवाय उन अवसरों के, जब मुकेश अंबानी उन्हें पीछे छोड़ दिया है। आगामी समय इस दृष्टि से रोचक रहेगा।

# हेमन्त सोरेन द्वारा पुनः मु.मंत्री...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पद से हटा कर हेमन्त ने उनका अनादर किया है तथा वे सत्ता लोलुप व अवसरवादी हैं। इस तर्क के विरोध में इतना ही कहा जा सकता है कि ऐसे मामलों में भाजपा का स्वयं का रिकॉर्ड भी प्रशंसनीय नहीं है क्योंकि इसी तरह के एक केस में आदिवासी नेता सर्बानंद सोनवाल को असम के मुख्यमंत्री पद से हटाकर हमेन्त बिस्वा शर्मा के मुख्यमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त किया गया था।

रांची में सत्ता परिवर्तन के वास्तविक कारण राजनीतिक हैं। हालांकि, चम्पई एक सीनियर एवं सम्मानीय नेता हैं, किन्तु उन्हें आदिवासी वोटों के अलावा अन्यत्र समर्थन प्राप्त नहीं है। हेमन्त में वोटर्स में सिम्पैथी फैक्टर पैदा करने की क्षमता है और ओ.बी.सी., अनुसूचित व अन्य जातियों में भी उनकी भारी स्वीकार्यता है। हाल ही सम्पन्न लोकसभ चुनाव में चम्पई की सीमित राजनीतिक अपील का पता तब चला जब राज्य की कुल 13 लोकसभा सीटों में से इण्डिया गठबन्धन सिर्फ 5 ही जीत सका।

इंडिया ब्लॉक के द्वारा जीती गई सीटों में राजमहल, दुमका व सिंहभूम जे.एम.एम ने जीती थी तथा कुंती व लोहरदगा सीटें कांग्रेस ने जीती थी। दूसरी तरफ भाजपा ने सात सीटों पर विजय पाई थी जबकि एन.डी.ए. के सहयोगी दल ए.जे.एस.यू. एक सीट जीतने में कामयाब हुआ था। यदि लोकसभा के नतीजों में विस्तार होता है विधानसभा के नतीजों में रूपान्तरित होते हैं तो भाजपा का पलड़ा भारी नज़र आता है।

यदि संपूर्ण इंडिया गठबंधन को मौका मिला है तो हेमन्त सोरेन सर्वश्रेष्ठ स्थिति में हैं। यह भी महसूस किया गया कि यदि मुख्यमंत्री चम्पई के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन विजयश्री मिलती है तो चुनाव पश्चात् के परिदृश्य में उनको हटाना बहुत मुश्किल हो जाएगा। चूंकि अब हेमन्त ने इस दाव को अपने हाथ में ले लिया है इसलिए उन्हें बहुत सावधानी से चलने की आवश्यकता है और उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके इस नये कदम के तहत चम्पई को पूरा आदर व सम्मान दिया जाए। संभावना तो यह है कि चम्पई को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाएगा, इसके साथ ही अटकलें यह भी हैं कि हेमन्त सोरेन की नवगठित सरकार में चम्पई को महत्वपूर्ण मंत्रालय से नवाजा जाएगा।

# प्र.मंत्री की आठ व नौ जून की रूस यात्रा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उद्देश्यों के अनुकूल भी है। वे पश्चिमी दुनिया के पसंदीदा उदार लोकतांत्रिक मॉडल में संघर्ष को लेकर एक वैकल्पिक सिस्टम प्रस्तुत करना चाहते हैं।

चीन के प्रभुत्व वाली किसी व्यवस्था के प्रतिरोध में पारम्परिक मतभेदों के अलावा बेलारूस को एस.सी.ओ. में शामिल किया जाना, शायद भारत के बर्दाश्त की हद थी। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सम्मेलन में भाग लेने आए देशों से एक अनुरोध कर अपने कूटनीतिक इरादे जाहिर कर दिए थे। उन्होंने इन देशों का आव्हान किया था कि वे अमेरिका की अधिकृत व्यवस्था से परे अपने उद्देश्यों को लेकर स्वतंत्र रूप से आगे बढ़े और विकास के अधिकारों के लिए संघर्ष करें।

शी ने आज ही कहा कि एस.सी.ओ. के सदस्य देश अपनी सुरक्षा संरचना में ''बाहरी ताकतों'' के हस्तक्षेप के किसी भी प्रयास का प्रतिरोध करें। हालांकि, इसमें अन्तर्निहित विरोधाभास था इस फोरम में रूस की उपस्थिति का होना, जबकि रूस अपने पड़ोसी देश यूक्रेन पर बिना किसी कारण के आक्रमण कर चुका है। रूस के आक्रमण की पृष्ठभूमि में जब इस संगठन का पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था तब प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को स्पष्ट कर दिया था कि ''यह समय युद्ध का नहीं बल्कि मतभेदों और विवादों को वार्ता एवं बातचीत के जरिए हल करने का है। तब मोदी के इस मैसेज की यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को लेकर पुतिन से पहली प्रत्यक्ष झड़प के रूप में प्रशंसा की गई थी। मोदी ने उसके तुरंत बाद अमेरिका का दौरा किया था, जहां वॉशिंगटन में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उनके सम्मान में वाइट हाउस में राजकीय ''डिनर'' रखा गया। उन्हें अमेरिकी सीनेटर्स को संबोधित करने का सुअवसर भी प्रदान किया गया।

अब एक बार पुनः भारत को रूस के साथ रक्षात्मक भूमिका निभानी है। रूस के द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के बाद अमेरिका व पश्चिमी देशों की ओर से उस पर लगाए गए प्रतिबंधों से त्रस्त है। इसके चलते रूस को पूर्ण रूप से अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय से अलग-थलग करने के प्रयास किए जा रहे थे।

परन्तु इस बार भारत ने पश्चिमी देशों के इस खेल में शरीक होने से मना कर दिया था। बल्कि भारत ने रूस से कम मूल्य पर तेल खरीदना जारी रखा जो भारत के हित में रहा था। इस तरीके से भारत रूस को मदद करने में प्रमुख भागीदार रहा।

भारत के हित भी रूस के साथ बंधे हुए हैं, क्योंकि वह भारत को मुख्य रूप से सेना के लिए अस्त्र-शस्त्र सिस्टम की आपूर्ति करता रहा है। यह इसलिए अति महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत हिमालय की सीमाओं पर चीन से शत्रुता का सामना कर रहा है। इसलिए भारत को विभिन्न कारणों के मुद्देनज़र बहुत ही मुश्किल व सूक्ष्म कूटनीतिक खेल अपने हितों की रक्षार्थ खेलना है।

भारत के प्रधानमंत्री इन सब परिस्थियों के चलते एस.सी.ओ. की बैठक में भाग नहीं लेकर सीधे रूस की यात्रा पर जा रहे हैं।

# आदिवासियों का ''डी.एन.ए. टैस्ट'' करवाने के बयान पर मदन दिलावर के इस्तीफे की मांग पर अड़ा विपक्ष

## सदन में दिनभर भारी हंगामा करने के बाद विपक्ष ने दोपहर में सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर वॉक आउट किया

**-विधानसभा संवाददाता-**

जयपुर, 4 जुलाई। आदिवासियों को हिंदू बताने और उनका ''डी.एन.ए. टैस्ट'' करवाने के तथाकथित बयान पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर गुरूवार को दिनभर विधानसभा में घिरते नजर आए। कांग्रेस और आदिवासी विधायकों ने दिनभर सदन में हंगामा करते हुए मदन दिलावर से माफी मंगवाने और उनका इस्तीफा दिलवाने की मांग रखी। इस मुद्दे पर सदन में हंगामा इतना बढ़ा कि, विपक्षी विधायक वैल में उतर आए और सत्ता पक्ष के साथ गुत्थमगुत्था होते-होते बचे। आनन-फानन में विधानसभा के मार्शलों ने मोर्चा संभाला और उन्हें एक-दूसरे से अलग किया। हालात बिगड़ते देख विधानसभाध्यक्ष डॉ. वासुदेव देवनानी को 2 बार में सदन की कार्यवाही 1 घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी। बाद में जब सदन पुनः जुटा तो स्पीकर ने दोनों पक्षों को संयम रखने की नसीहत दी और कहा कि, विधानसभा के इतिहास में आज सदन की कार्यवाही तार-तार होते बची है। हालांकि, कांग्रेसी विधायक अपनी ज़िद पर अड़े रहे और अध्यक्ष के वक्तव्य के बाद पूरा विपक्ष शेष कार्यवाही के लिए सदन से वॉकआउट कर गया। इसके बाद विपक्ष की गैरमौजूदगी में ही सदन में रीको और डेयरी के वार्षिक प्रतिवेदनों पर चर्चा की गई।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सदन में कहा कि, मदन दिलावर ने आदिवासियों पर बेहद निंदनीय टिप्पणी की है और अपने बयान पर माफी नहीं मांगी है, मुख्यमंत्री ने भी उनसे इस्तीफा भी नहीं लिया है, हमारी ये दो ही प्रमुख मांगें हैं।

इससे पहले अपने बयान को लेकर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि, ''आदिवासियों ने हमारी संस्कृति को बचाया है। आदिवासी समाज के बारे में कोई नकारात्मक चर्चा करना मेरे मन में कभी नहीं रहा। मैं यह जानता हूं कि अनादि काल से इस देश में आदिवासी रहता आया है और आदिवासी समाज का सब सम्मान करते हैं। मैंने बिरसा मुंडा जी का नाम भी सुना और पढ़ा है। बिरसा मुंडा भगवान के नाम से जाने जाते हैं, ऐसे समाज के बारे में मुझे लेकर जो कहा जा रहा है, वह कदापि सही नहीं है।''

दिलावर ने स्पष्ट किया कि मेरे से एक पत्रकार ने पूछा था कि ''सांसद राजकुमार रोत ने ऐसा कहा है कि आदिवासी हिंदू नहीं हैं, तो मेरा कहना था कि आदिवासी हिंदू हैं, हिंदू रहेंगे। आदिवासी समाज अनादिकाल से पृथ्वी पर रहता आया है, हम सब आदिवासी ही हैं। क्योंकि हम आदिकाल से यहां रहते आए हैं। मैं आदिवासी महापुरुषों को प्रणाम करता हूं, नमन करता हूं। जब पत्रकार ने दोबारा पूछा कि वो तो अपने आप को हिंदू नहीं मानते हैं तो मैंने कहा, ''वह प्रासंगिक है कि नहीं कि वंशावली दिखवा लेंगे।'' मंत्री के इस स्पष्टीकरण से विपक्ष संतुष्ट नहीं हुआ और मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर सभी विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए हाथों में तख्तियां लेकर वैल में आ गए। प्रदर्शन करते हुए दिलावर की ओर विपक्षी सदस्यों को बढ़ते हुए देख सत्तापक्ष के सदस्य और मंत्री भी वैल में आ गए। दोनों पक्ष आपस में भिड़ते, इससे पहले ही मार्शलों ने बीच में आकर स्थिति संभाल ली। इस बीच सदन की कार्रवाई आधा घंटे के लिए स्थगित कर दी गई।

- **एक बार तो हालात इतने बिगड़े कि विपक्षी विधायक वैल में उतर आए और सत्ता पक्ष के साथ गुत्थमगुत्था होते-होते बचे। गनीमत रही कि, आनन-फानन में विधानसभा के मार्शलों ने मोर्चा संभाला और उन्हें एक-दूसरे से अलग किया।**
- **स्पीकर डॉ. वासुदेव देवनानी को 2 बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। बाद में जब सदन पुनः जुटा तो स्पीकर ने दोनों पक्षों को संयम रखने की नसीहत दी और कहा कि, ''विधानसभा के इतिहास में आज सदन की कार्यवाही तार-तार होते बची है।''**

इससे पहले प्रश्नकाल में विधानसभा में मंत्री मदन दिलावर दो बार सवालों का जवाब देने खड़े हुए तो दोनों ही बार विपक्ष ने उनका जवाब नहीं सुना और नारेबाजी शुरू कर दी। इस पर दिलावर ने हंगामे के बीच कहा, ''कांग्रेस के लोग आदिवासियों के दुश्मन हैं, ये हिंदुओं के दुश्मन है। ये हिंदुओं को हिंसक मानते हैं। ये आदिवासियों को हिंदू नहीं मानते हैं, हिंदुओं के दुश्मन हैं।''

गुरूवार को सदन में प्रश्नकाल के दौरान जब मंत्री मदन दिलावर ने सवालों के जवाब देने शुरू किए तो उसके साथ ही विपक्ष ने जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। भारत आदिवासी पार्टी के तीनों विधायकों के साथ ही कांग्रेस के सभी विधायकों ने वैल में आकर मदन दिलावर के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने मंत्री दिलावर से उनके बयान पर माफी मांगने की मांग उठाई और इस्तीफा देने के लिए कहा। इसी बीच सत्ता पक्ष ने भी विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। ऐसे में प्रश्नकाल के दौरान कुछ ही सवालों के जवाब आ पाए। कई विधायकों की ओर से उठाए गए पूरक प्रश्नों के जवाब भी हंगामे की भेंट चढ़ गए।

ज्ञातव्य है कि मदन दिलावर के जिस कथित बयान पर हंगामा हो रहा है वह यह है कि ''आदिवासी हिंदू हैं या नहीं यह उनके पूर्वजों से पूछेंगे या वंशावली लिखने वालों से पूछेंगे वो कौन हैं। यदि हिंदू नहीं है तो उनका डी.एन.ए. टैस्ट करेंगे।''

सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908